# JEE ADVANCED 2023

# सूचना विवरण पुस्तिका

आयोजक संस्थान

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी

सूचना विवरण पुस्तिका में निहित जानकारी जनता के लिए है। सभी अधिकार सुरक्षित हैं। दस्तावेज़ मे किसी भी रूप में परिवर्धन, परिवर्तन एवं संशोधन की अनुमति नहीं हैं।

वी.2.0
मार्च 23, 2023

संस्करण नियंत्रण

| संस्करण संख्या | निर्मोचन तिथि | Remarks |
|---|---|---|
| वी.1.0 | मार्च 15, 2023 | …… |
| वी.2.0 | मार्च 23, 2023 | 1. सूचना विवरणिका में OCI/PIO अभ्यर्थियों से संबंधित कुछ बदलाव किए गए हैं जो भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय पर आधारित है।<br>2. जे.ई.ई (एडवांस्ड) 2023 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि को बदलकर मई 07, 2023 कर दिया गया है।<br>3. पंजीकृत अभ्यर्थियों के शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि को बदलकर मई 08, 2023 कर दिया गया है।<br>4. ए.ए.टी 2023 के नतीजे घोषित होने की तारीख को बदलकर जून 24, 2023 कर दिया गया है। |

https://jeeadv.ac.in

आयोजक संस्थान: **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी**

सम्पर्क विवरण:
**अध्यक्ष, जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023**
**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी**
**गुवाहाटी – 781039**
**ई-मेल:** jeeadv2023@iitg.ac.in

इस प्रति को तैयार करने में पूरा प्रयास किया गया है कि अंग्रेज़ी में प्रकाशित सूचना विवरण पुस्तिका (Information Brochure) की पूरी जानकारी सम्मिलित हो, यद्यपि किसी भी प्रकार की त्रुटि के संबंध में अंग्रेज़ी प्रति में उल्लिखित जानकारी ही मान्य होगी। तथापि आवेदक अपने क्षेत्र के संस्थानों (आई.आई.टी. बॉम्बे, आई.आई.टी. दिल्ली, आई.आई.टी. गुवाहाटी, आई.आई.टी. कानपुर, आई.आई.टी. खड़गपुर, आई.आई.टी. हैदराबाद, आई.आई.टी. रुड़की) से स्पष्टीकरण प्राप्त कर सकते हैं। संपर्क नंबर एवं ई-मेल संलग्नक-V (पृष्ठ संख्या 80) में उपलब्ध है।

## विषयसूची


**भाग-I: संस्थानों** **1**

1 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान . . . 2
2 शैक्षिक कार्यक्रम . . . 4
3 आरक्षित सीटें . . . 5
4 रक्षा सेवा अभ्यर्थी . . . 6
5 महिला अभ्यर्थियों के लिए अधिसंख्य सीटें . . . 6
6 विदेशी नागरिक और OCI/PIO कार्ड धारक अभ्यर्थी . . . 7
7 जे.ई.ई(एडवांस्ड) रैंक के आधार पर प्रवेश प्रदान करने वाले अन्य संस्थान . . . 8

**भाग-II: परीक्षा** **9**

8 परीक्षा . . . 10
9 जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 की अनुसूची . . . 10
10 जे.ई.ई. (मेन) 2023 . . . 10
11 जे.ई.ई.(एडवांस्ड) 2023 में प्रस्तुत होने के लिए भारतीय नागरिकों हेतु पात्रता मानदंड . . . 11
12 जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण . . . 13
13 जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के लिए पंजीकरण शुल्क . . . 13
14 लेखन सहायक (स्क्राइब) की सेवाएँ . . . 14
15 पंजीकरण के लिए अपेक्षित दस्तावेज़ . . . 15
16 प्रवेश पत्र . . . 18
17 प्रश्न पत्र . . . 18
18 परीक्षा की प्रणाली . . . 19
19 जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 आयोजित किए जाने वाले शहर और कस्बे . . . 22
20 परीक्षा के दिन पालन किए जाने वाले महत्वपूर्ण निर्देश . . . 25
21 अभ्यर्थी की प्रतिक्रियाओं का प्रसारण और उत्तर कुंजी का ऑनलाइन प्रदर्शन . . . 26
22 रैंक सूचियाँ . . . 27
23 जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के परिणाम . . . 28
24 बी.आर्क . पाठ्यक्रम के लिए आर्किटेक्चर ऐप्टीट्यूड टेस्ट . . . 28

**भाग-III: प्रवेश** **30**

25 कक्षा XII के समकक्ष मान्य परीक्षाएं . . . 31
26 आई.आई.टी. में प्रवेश के लिए बारहवीं कक्षा (या समकक्ष) बोर्ड परीक्षा में प्रदर्शन . . . 31
27 संयुक्त सीट आवंटन . . . 34
28 प्राक् -प्रवेश (Preparatory) पाठ्यक्रम . . . 35
29 निश्चित पाठ्यक्रमों हेतु अतिरिक्त आवश्यकताएं . . . 35
30 खनन अभियांत्रिकी व्यवसाय पाठ्यक्रमों के लिए महिला अभ्यर्थी प्रतिबंध . . . 36
31 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों द्वारा 2022-23 में चलाए गए पाठ्यक्रमों की सूची . . . 36
32 महत्वपूर्ण तिथियाँ . . . 37
33 शिकायतें . . . 37
34 हिंदी सूचना विवरणिका . . . 37

**संलग्नक** **38**

**संलग्नक-I: पाठ्यक्रम विवरण** **39**

रसायन विज्ञान . . . 40
गणित . . . 46
भौतिक विज्ञान . . . 49

**संलग्नक-II: प्रमाणपत्रों के प्रारूप** **53**
फार्म : आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग . . . 54
फार्म : ओ.बी.सी.-एन.सी.एल. . . . 55
फार्म : एस.सी./एस.टी. . . . 57
फार्म : पी.डब्ल्यू.डी. (II) . . . 58
फार्म : पी.डब्ल्यू.डी. (III) . . . 59
फार्म : पी.डब्ल्यू.डी. (IV) . . . 61
फार्म : डिस्लेक्सिक -1 . . . 63
फार्म : डिस्लेक्सिक -2 . . . 64
फार्म : अशक्तता एवं लिखने में कठिनाई . . . 65
फार्म : डी.एस. . . . 66
फार्म : लिपिक (AMANUENSIS)-I . . . 67
फार्म : लिपिक (AMANUENSIS)-II . . . 68
फार्म : अनुपूरक समय-I . . . 69
फार्म : अनुपूरक समय-II . . . 70
अन्य पिछड़ा वर्ग . नॉन क्रीमी लेयर (OBC-NCL) प्रमाण पत्र के स्थान पर अभ्यर्थी द्वारा घोषणा . . . 71
आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग प्रमाण-पत्र के एवज में अभ्यर्थी द्वारा घोषणा . . . 72

**संलग्नक-III: शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में प्रस्तावित पाठ्यक्रम** **73**

**संलग्नक-IV: महत्वपूर्ण तिथियाँ** **79**

**संलग्नक-V: क्षेत्र-वार संस्थानों के सम्पर्क विवरण** **80**

# भाग-I: संस्थानों

# 1 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IITs) राष्ट्रीय महत्व के संस्थान हैं जो शिक्षा में उत्कृष्टता को प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु संसद के अधिनियम के अनुसार स्थापित किए गए हैं। विगत कुछ वर्षों में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों ने स्वयं को विश्वस्तरीय शैक्षणिक मंच के रूप में स्थापित किया है जो अपने गुणवत्ता, पूर्ण अध्यापन और अपनी उत्कृष्ट अवसंरचना एवं उपलब्ध सर्वोत्कृष्ट बुद्धिजीवियों के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुसंधानों के माध्यम से उत्साहपूर्ण निरंतरता बनाए हुए हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के प्राध्यापकों और पूर्व छात्रों ने शिक्षा एवं उद्योग के क्षेत्र में, देश एवं विदेश दोनों ही जगह महत्वपूर्ण पदों को हासिल किया है और समाज के सभी क्षेत्रों में निरंतर रूप से गहरा प्रभाव डाल रहे हैं। वर्तमान में पूरे देश में कुल 23 (तेईस) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैं।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के प्रमुख उद्देश्य निम्नांकित हैं:

- ऐसा वातावरण निर्मित करना जो विचारों की स्वतंत्रता एवं उत्कृष्टता के अनुसरण को प्रोत्साहित करता हो, साथ ही इस उत्कृष्टता की प्राप्ति हेतु अपेक्षित दृष्टि और स्व-अनुशासन उत्पन्न करने वाला हो।
- वैज्ञानिक और तकनीकी ज्ञान का ठोस आधार निर्मित करना और सक्षम एवं प्रेरित अभियंताओं और वैज्ञानिकों को तैयार करना।
- विद्यार्थियों में उद्यमशीलता के प्रति उत्साह उत्पन्न करना।
- विद्यार्थियों को उत्कृष्ट व्यावसायिकों के रूप में तैयार करना जिससे वे राष्ट्र-निर्माण में योगदान कर सकें।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में संयुक्त प्रवेश परीक्षा (एडवांस्ड) [जे.ई.ई. (एडवांस्ड] के माध्यम से विभिन्न अभिस्नातक कार्यक्रमों [*शैक्षिक कार्यक्रम खंड 2 देखें* ] में प्रवेश दिए जाते हैं। संयुक्त प्रवेश परीक्षा (एडवांस्ड) [जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023] तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में बाद की प्रवेश प्रक्रिया इस सूचना विवरण पुस्तिका में दिए गए नियमों के अधीन होंगी, इन्हें संयुक्त सीट आबंटन प्राधिकरण [Joint Seat Allocation Authority (JoSAA)] (अलग से प्रकाशित) के व्यवसायिक नियमों के साथ संयुक्त रूप से पढ़ें।

# तेईस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के क्षेत्र (अंचल), नाम, स्थान एवं संक्षिप्त नाम

| क्षेत्र (अंचलिक) | संस्थान | शहर | संक्षिप्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| पूर्वी क्षेत्र | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर | खड़गपुर | आई.आई.टी. के.जी.पी * |
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर | भुवनेश्वर | आई.आई.टी. बी.बी.एस |
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएसएम) धनबाद | धनबाद | आई.आई.टी. (आई.एस.एम) |
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई | भिलाई | आई.आई.टी. बी.एच |
| मध्य क्षेत्र | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर | कानपुर | आई.आई.टी. के * |
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू) वाराणसी | वाराणसी | आई.आई.टी. (बी.एच.यू) |
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर | इंदौर | आई.आई.टी. आई |
| उत्तर-मध्य क्षेत्र | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली | नई दिल्ली | आई.आई.टी. डी * |
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जम्मू | जम्मू | आई.आई.टी. जे.एम.यू |
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर | जोधपुर | आई.आई.टी. जे |
| पूर्वोत्तर क्षेत्र | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी # | गुवाहाटी | आई.आई.टी. जी * |
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना | पटना | आई.आई.टी. पी |
| उत्तर क्षेत्र | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की | रुड़की | आई.आई.टी. आर * |
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी | मंडी | आई.आई.टी. मंडी |
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ | रोपड़ | आई.आई.टी. आर.पी.आर |
| दक्षिण क्षेत्र | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद | हैदराबाद | आई.आई.टी. एच * |
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास | चेन्नई | आई.आई.टी. एम |
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पालक्काड | पालक्काड | आई.आई.टी. पी.के.डी |
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुपति | तिरुपति | आई.आई.टी. टी |
| पश्चिम क्षेत्र | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई | मुंबई | आई.आई.टी. बी * |
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान धारवाड | धारवाड | आई.आई.टी. डी.एच |
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर | गांधीनगर | आई.आई.टी. जी.एन |
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गोवा | गोवा | आई.आई.टी. गोवा |

* *क्षेत्रीय (आंचलिक) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जो जे. ई. ई. (एडवांस्ड) 2023 परीक्षा की गतिविधियों का समन्वयन करेंगे।*

\# *आयोजक संस्थान, जे. ई. ई. (एडवांस्ड) 2023 परीक्षा।*

## 2 शैक्षिक कार्यक्रम

अभियांत्रिकी, विज्ञान या वास्तुकला में स्नातक, एकीकृत स्नातकोत्तर या स्नातक- स्नातकोत्तर द्वि उपाधि वाले अग्रग (लीडिंग) अभिस्नातक पाठ्यक्रमों में भा.प्रौ.सं. जे.ई.ई. (एडवांस्ड) परीक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रदान करती हैं। पाठ्यक्रम के सफल समापन पर द्वि उपाधि कार्यक्रम में नामांकित अभ्यिर्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर दोनों ही उपाधियाँ प्रदान की जाती हैं। कुछ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में 4-वर्षीय स्नातक कार्यक्रम में पंजीकृत विद्यार्थियों को बी.टेक. (ऑनर्स ) और/अथवा बी.टेक. माइनर्स सहित का विकल्प भी दिया गया है। द्वि-उपाधि विद्यार्थियों इसके साथ ही एक माइनर्स अनुकरण कर सकते है। इसके अलावा कुछ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में बी.टेक. विद्यार्थियों को अपने मूल विभाग में स्नातक तथा कुछ अन्य विभाग में निष्णात सहित अंतर्विषयक द्वि-उपाधि प्राप्त करने का विकल्प भी है। सभी उक्त विकल्पों में मानदंड संबंधी निश्चित शैक्षिक योग्यता की पूर्ति करना आवश्यक है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों द्वारा प्रस्तावित विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों के प्रकार और उनकी न्यूनतम अवधि नीचे दी गई हैं *:

| | | |
|---|---|---|
| बी.टेक. | प्रौद्योगिकी में स्नातक | 4 वर्षीय |
| बी.एस. | विज्ञान में स्नातक | 4 वर्षीय |
| बी.आर्क . | वास्तुकला में स्नातक | 5 वर्षीय |
| बी.टेक.- एम.टेक. द्वि-उपाधि | प्रौद्योगिकी में स्नातक एवं प्रौद्योगिकी में निष्णात द्वि-उपाधि | 5 वर्षीय |
| बी.एस. - एम.एस. द्वि-उपाधि | विज्ञान में स्नातक एवं विज्ञान निष्णात द्वि-उपाधि | 5 वर्षीय |
| एकीकृत एम.टेक | समेकित (एकीकृत) प्रौद्योगिकी में निष्णात | 5 वर्षीय |
| एकीकृत एम.एस.सी. | समेकित (एकीकृत) विज्ञान में निष्णात | 5 वर्षीय |

* *यहाँ पर केवल उन्हीं शैक्षिक कार्यक्रमों को दर्शाया गया है जिनमें प्रवेश जे.ई.ई. (एडवांस्ड) परीक्षा के आधार पर होते हैं। इन संस्थानों में विभिन्न प्रवेश प्रक्रिया एवं मानदंड सहित अन्य शैक्षिक कार्यक्रम, अर्थात बी. डेस., एम. डेस., एम. टेक., एम.एस.सी., संयुक्त एम.एस.सी.-पीएचडी., संयुक्त एम.टेक.-पीएचडी., एम.टेक., पी.एच.डी. आदि भी उपलब्ध है जिसमें प्रवेश जे.ई.ई. (एडवांस्ड) के द्वारा नहीं होती।*

तथापि सभी संस्थानों में सूचीबद्ध सभी कार्यक्रम और पाठ्यक्रम उपलब्ध नहीं हैं। शैक्षिक वर्ष 2022-23 में प्रस्तावित सम्बद्ध कार्यक्रम और पाठ्यक्रमों को संलग्नक-III में दिया गया है। वर्ष 2023-24 के लिए प्रस्तावित पाठ्यक्रमों की घोषणा JoSAA 2023 द्वारा सीटों के आवंटन (अर्थात, प्रवेश हेतु विकल्प भरते समय) के समय की जाएगी। शैक्षिक वर्ष साधारणतः जुलाई में शुरू हो कर अगले वर्ष के जून में समाप्त होता है।

सभी कार्यक्रम मूल्यांक (क्रेडिट बेस्ड) आधारित हैं और इसलिए अभ्यर्थी को उसकी योग्यतानुसार प्रगति करने का अवसर मिलता है। संतोषजनक प्रगति हेतु निष्पादन का न्यूनतम स्तर आवश्यक है। सभी कार्यक्रमों में शिक्षण का माध्यम अंग्रेजी है। सभी भारतीय नागरिक जो पात्रता मानदंड [ देखें खंड 11 - जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 में शामिल होने के लिए भारतीय नागरिकों के लिए पात्रता मानदंड] को पूरा करते हैं वे जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 की परीक्षा में बैठ सकते हैं। कक्षा XII (या समकक्ष) निष्पादन मानदंड [खंड 26 को देखें] पूरा करने वाले अभ्यर्थी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों मे प्रवेश लेने हेतु पात्र हैं। सीटों का आंवटन करते समय, अभ्यर्थी के योग्यता, वर्ग

और/अथवा नागरिकता नीति भारत सरकार के नियमों के अधीन हैं। विदेशी नागरिक और OCI/PIO अभ्यर्थी भी जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 में शामिल हो सकते हैं। उनके लिए पात्रता मानदंड का विवरण यहाँ उपलब्ध है: https://jeeadv.ac.in/foreign.html.

## 3 आरक्षित सीटें

भारत सरकार के नियमों के अनुपालन में विशेष श्रेणियों में आने वाले भारतीय नागरिकों को आरक्षित सीटों के अंतर्गत प्रवेश मिल सकता है। श्रेणी एवं आरक्षण का विस्तार निम्नानुसार है:

- आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग (GEN-EWS) के अभ्यर्थियों के लिए प्रत्येक पाठ्यक्रम में 10% सीटों के आरक्षण की व्यवस्था की गई है। यह आरक्षण लाभ सामान्य वर्ग के सिर्फ उन्हीं अभ्यर्थियों को दिया जाएगा जो सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 17 जनवरी, 2019 के कार्यालय ज्ञापन सं. 20013/01/2018-BC-II में दी गई शर्तों को पूरा करते हैं।
  - सामान्य-इ डब्ल्यू एस (GEN-EWS) आरक्षण के मानदंड प्रचलित नियमों के अनुसार होंगे और/अथवा भारत सरकार की अधिसूचनाओं के आधार पर होंगे।
- अन्य पिछड़ा वर्ग -नॉन क्रीमी लेयर (OBC-NCL) की श्रेणी में आने वाले अभ्यर्थियों के लिए प्रत्येक पाठ्यक्रम में 27% सीटें आरक्षित हैं।
  - ओ.बी.सी अभ्यर्थी, ओ.बी.सी की वर्तमान अद्यतन सूची (http://www.ncbc.nic.in) में शामिल होना चाहिए।
  - ऐसे ओ.बी.सी धारक जो राज्यसूची में विद्यमान है परंतु ओ.बी.सी की केंद्रीय सूची में शामिल नहीं है (http://www.ncbc.nic.in के सूची के अनुसार) तो वे आरक्षण का दावा करने हेतु पात्र नहीं है।
  - नॉन-क्रीमी लेयर (OBC-NCL) के लिए मानदंड भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार होगा।
- अन्य पिछड़ा वर्ग -समुन्नत (क्रीमी लेयर) के अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थी आरक्षण के हकदार नहीं हैं। ऐसे अभ्यर्थियों को सामान्य श्रेणी (GEN) के अंतर्गत अर्थात अनारक्षित माना जाएगा, और वे केवल सामान्य सीटों के हक़दार होंगे, जिसके सभी अभ्यर्थी पात्र है।
- अनुसूचित जाति (SC) – प्रत्येक पाठ्यक्रम में 15% सीटें।
- अनुसूचित जनजाति (ST) – प्रत्येक पाठ्यक्रम में 7.5% सीटें।
  - आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों को दिया जाएगा जो भारत सरकार द्वारा (https://socialjustice.nic.in और https://ncst.nic.in) में प्रकाशित उन राज्यों से (प्रदेशों से) संबंधित केंद्रीय सूची में हैं।
- कम से कम 40% विकलांगता के साथ दिव्यांगजन (PwD) - प्रत्येक वर्ग में अर्थात OPEN, GEN-

EWS, OBC-NCL, SC, and ST श्रेणी के सीटों में 5% सीटें। (https://legislative.gov.in/sites/default/files/A2016-49_1.pdf)

- ◦ आरक्षण का लाभ केवल उन्हें ही मिलेगा जो कम से कम 40% विकलांगता के अंतर्गत होंगे तथा यह विकलांगता के प्रकार लोकोमोटर, विजुअल अथवा गंभीर डिस्लेक्सिया-ग्रस्त में से कोई भी हो सकते हैं।
- ◦ कुष्ठरोग उपचारित अभ्यर्थी जो पाठ्यक्रम जारी रखने के लिए पूरी तरह से स्वस्थ हैं, उन्हें भी इस उप-श्रेणी में शामिल किया जाता है।

- अभ्यर्थी जो GEN-EWS, OBC-NCL, SC, ST, and PwD श्रेणियों में आते हैं उन्हें नियमानुसार शिथिलता मापदंड [देखें खंड 22 - रैंक सूची] के आधार पर अर्हक घोषित किया जाएगा।

अभ्यर्थी द्वारा डाटाबेस में प्रविष्ट की गई श्रेणी, जिसे जे.ई.ई. एपेक्स बोर्ड [जो जे.ई.ई. (मेन) 2023 परीक्षा संचालित करता है] द्वारा उपलब्ध की जाएगी, वही जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 परीक्षा में अंतिम रूप में मानी जाएगी तथा श्रेणी परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा।

अभ्यर्थी ध्यान दें कि आरक्षण का लाभ उन्हें दस्तावेजों के सत्यापन के अधीन दिया जाएगा। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी द्वारा आरक्षण का लाभ उठाने के लिए दिए गए दस्तावेज झूठा/नकली/गलत है, या दी गई जानकारी अधूरी है तो अभ्यर्थी को सभी प्रवेश प्रक्रियाओं से बाहर रखा जा सकता है। यदि ऐसे अभ्यर्थी को पहले ही प्रवेश दिया जा चुका है तो प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा।

## 4 रक्षा सेवा अभ्यर्थी

रक्षा सेवा [Defense Service (DS)] श्रेणी अभ्यर्थी, रक्षा/अर्द्धसैनिक कार्मिकों की संतान हैं, जो युद्ध / शांतिमय समय के दौरान मारे गए या स्थायी रूप से विकलांग हो गए हों। रक्षा सेवा श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु प्रत्येक संस्थान में अधिमानी आवंटन हेतु दो सीटें उपलब्ध होती हैं। इस अधिमानी आवंटन का लाभ प्राप्त करने के लिए, DS श्रेणी के अभ्यर्थी को जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023[1] की सामान्य रैंक सूची में स्थान प्राप्त करना आवश्यक है [देखें खंड 22 - रैंक सूची]।

## 5 महिला अभ्यर्थियों के लिए अधिसंख्य सीटें

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार[2] के निर्देशानुसार तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान परिषद् के निर्णयानुसार लिंग संतुलन में सुधार हेतु भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के अभिस्नातक कार्यक्रमों में महिला अभ्यर्थियों हेतु अधिसंख्य सीटों का सृजन किया गया है। ऐसी अधिसंख्य सीटें (a) केवल उन्हीं महिला अभ्यर्थियों (भारतीय नागरिक और OCI/PIO कार्ड धारक अभ्यर्थी) को प्रस्तावित की जायेंगी जिन्हें जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 में योग्य घोषित

[1] सं. 321/प्रशा./विविध/वॉल्यूम-I, दिनांक 22 अक्तूबर, 2020

[2] संदर्भः फा.सं.35-8/2017-टीएस.III दिनांक 30 अक्तूबर, 2017

किया गया हो एवं (b) पूरी तरह से जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के प्रदर्शन पर के आधार पर उत्तीर्ण हों।

विभिन्न कार्यक्रमों में अधिसंख्य सीटों की संख्या प्रत्येक आई.आई.टी. द्वारा इस तरह से सुनिश्चित की जाएगी कि प्रत्येक संस्थान में स्नातक कार्यक्रम (कार्यक्रमों) में कम से कम 20% महिला नामांकन हो। उपरोक्त नीति की विस्तृत प्रक्रिया का क्रियान्वयन संयुक्त सीट आबंटन प्राधिकरण के व्यावसायिक नियम JoSAA – 2023 (https://josaa.nic.in में प्रदर्शित किया जाएगा) पर दिया गया है।

# 6 विदेशी नागरिक और OCI/PIO कार्ड धारक अभ्यर्थी

## 6.1 विदेशी नागरिक

वे अभ्यर्थी, जो भारत के नागरिक नहीं हैं (जन्म से या राष्ट्रीयता से) (और OCI/PIO कार्ड धारक भी नहीं हैं), उन्हें विदेशी नागरिक समझा जाएगा। ऐसे विदेशी अभ्यर्थियों के लिए प्रत्येक पाठ्यक्रम में कुल सीटों के 10% अधिसंख्य सीमा में सीट आबंटित किए गए हैं। ये अभ्यर्थी विशेषतः GEN-EWS, OBC-NCL, SC, ST, और PwD श्रेणियों के अंतर्गत सीटों के आरक्षण के दायरे से बाहर हैं । विदेशी नागरिक अधिसंख्य सीटों में विदेशी महिलाओं के लिए कोई अलग से अधिसंख्य सीटें या उपश्रेणी नहीं है।

जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के लिए पंजीकरण के समय, विदेशी अभ्यर्थियोंको जे.ई.ई. (मेन) 2023 लिखने की आवश्यकता नहीं है तथा वे अन्य पात्रता मानदंड पूरा करने पर जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के लिए सीधे पंजीकरण कर सकते हैं। (विस्तृत जानकारी के लिए लिंक https://www.jeeadv.ac.in/foreign.html देखें।)

## 6.2 OCI/PIO अभ्यर्थी

रिट याचिका (WRIT PETITION) (सिविल) 891/2021[3] में भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 03 फरवरी, 2023 के अनुसार, OCI/PIO अभ्यर्थियोंको भारतीय नागरिक माना जाएगा।

OCI/PIO अभ्यर्थी जिन्होंने जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के लिए पंजीकरण के समय, 10+2 स्तर या समकक्ष स्तर पर भारत/विदेश में अध्ययन किया है या कर रहे हैं, उन्हें जे.ई.ई. (मेन) 2023 लिखने की आवश्यकता नहीं है तथा अन्य पात्रता मानदंड पूरा करने पर जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के लिए सीधे पंजीकरण कर सकते हैं (विवरण के लिए OCI/PIO अभ्यर्थी https://www.jeeadv.ac.in/foreign.html देखें)। यह एक बार का उपाय केवल वर्ष 2023 के लिए लागू है।

सीट आवंटन के समय, OCI/PIO अभ्यर्थियोंको OPEN श्रेणी[3] में सीटों के लिए विचार किया जाएगा। जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 क्वालीफाई करनेवाले OCI/PIO अभ्यर्थियोंको सामान्य रैंक सूची (CRL), और/या सामान्य रैंक सूची-पीडब्ल्यूडी (CRL-PwD), महिला अधिसंख्य सीटों के लिए सूची में शामिल किया जाएगा, जैसा कि लागू हो [खंड 22 देखें: रैंक सूची]। OCI/PIO अभ्यर्थी सीटों के आवंटन के लिए GEN-EWS, OBC (NCL), SC या ST श्रेणियों के तहत आरक्षण के लाभ के हकदार नहीं हैं।

[3]संदर्भ : रिट याचिका (सिविल) संख्या 891/2021 में भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय, दिनांक फरवरी 03, 2023

# 7 जे.ई.ई(एडवांस्ड) रैंक के आधार पर प्रवेश प्रदान करने वाले अन्य संस्थान

विगत वर्षों में, अन्य केंद्रीय वित्त पोषित संस्थानों ने भी जे.ई.ई. (एडवांस्ड) का प्रयोग किया है, जिसमें निम्नांकित सम्मिलित हैं-

- भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु
- भारतीय विज्ञान शिक्षा तथा अनुसंधान संस्थान (IISERs), जो बरहमपुर, भोपाल, कोलकाता, मोहाली, पुणे, तिरुवनंतपुरम तथा तिरुपति में स्थित हैं।
- भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (IIST), तिरुवनंतपुरम
- राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान (RGIPT), रायबरेली
- भारतीय पेट्रोलियम तथा और ऊर्जा संस्थान (IIPE), विशाखापट्टनम

अभ्यर्थी अतिरिक्त जानकारी के लिए उपरोक्त संस्थानों से सीधे संपर्क करें।

# भाग-II: परीक्षा

## 8 परीक्षा

संयुक्त प्रवेश परीक्षा (एडवांस्ड) 2023 [जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023] का आयोजन संयुक्त प्रवेश बोर्ड 2023 [Joint Admission Board (JAB 2023)] के मार्गदर्शन में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के सात आंचलिक समन्वयन केंद्रों (Zonal Centres) द्वारा किया जाएगा। जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 में प्रदर्शन के आधार पर किसी अभ्यर्थी को शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए सभी आई.आई.टी. में स्नातक, एकीकृत परास्नातक और द्वि-उपाधि कार्यक्रमों में प्रवेश (10 + 2 स्तर पर प्रवेश) प्राप्त किया जाना संभव होगा। जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 तथा प्रवेश वर्ष 2023 में सभी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (IITs) में प्रवेश से संबंधित सभी मामलों पर JAB 2023 द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।

## 9 जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 की अनुसूची

परीक्षा में दो प्रश्नपत्र होंगे और प्रत्येक प्रश्नपत्र की अवधि तीन घंटे होगी। दोनों प्रश्नपत्रों में उपस्थित रहना अनिवार्य है। परीक्षा कार्यक्रम इस प्रकार है।

| **परीक्षा तिथि** | **जून 04, 2023 (रविवार)** |
|---|---|
| प्रश्नपत्र 1 | 09:00 बजे से 12:00 बजे तक (भारतीय समयानुसार) |
| प्रश्नपत्र 2 | 14:30 बजे से 17:30 बजे तक (भारतीय समयानुसार) |

ज्ञात हो कि सार्वजनिक अवकाश घोषित होने पर भी परीक्षा तिथि अपरिवर्तित रहेगी।

कम से कम 40% अक्षमता वाले दिव्यांग (PwD) अभ्यर्थी, जैसा लागू हो, प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए एक घंटे का प्रतिपूरक समय प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे (अर्थात इन अभ्यर्थियों के लिए प्रश्नपत्र 1 के लिए अंतिम समय 13:00 बजे और प्रश्नपत्र 2 के लिए 18:30 बजे होगा)। हालाँकि, उन्हें प्रतिपूरक समय का लाभ प्राप्त करने के लिए और / या एक लेखन सहायक (स्क्राइब या अमैनुएंसिस) की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए पंजीकरण के दौरान ही आवश्यक प्रपत्र भरना होगा [देखें संलग्नक – II: प्रमाण-पत्रों के प्रारूप]। कृपया अतिरिक्त जानकारी के लिए खण्ड 14 एवं 15 देखें।

जिन अभ्यर्थियों की 40% से कम अक्षमता हो और जिनको लिखने में कठिनाई महसूस हो तथा जो आर.पी.डब्ल्यू.डी अधिनियम (RPwD Act), 2016 की धारा 2 (एस) के अधीन आवृत हों परंतु उसी अधिनियम की धारा 2 (आर) के अधीन आवृत न हों, वे प्रत्याशी भी प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए एक घंटे का प्रतिपूर्ति समय प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे (अर्थात उन प्रत्याशियों के लिए भी अंतिम समय प्रश्नपत्र 1 के लिए 13:00 बजे और प्रश्नपत्र 2 के लिए 18:30 बजे होगा)। हालाँकि उन्हें पंजीकरण के दौरान प्रतिपूर्ति समय पाने और किसी लेखन सहायक (अमनुएन्सिस) की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए निर्धारित प्रपत्र भरकर जमा करना होगा [देखें संलग्नक – II: प्रमाण-पत्रों के प्रारूप] कृपया अतिरिक्त जानकारी के लिए खण्ड 14 और 15 देखें।

## 10 जे.ई.ई. (मेन) 2023

जो भारतीय नागरिक जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 में शामिल होना चाहते हैं, उनके लिए बी.ई./बी.टेक. कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (National Testing Agency) द्वारा संचालित जे. ई. ई. (मेन)

2023 प्रश्नपत्र में शामिल होना अनिवार्य है। वे विदेशी नागरिक और OCI/PIO अभ्यर्थी जिन्होंने **10+2 स्तर तक या समकक्ष भारत/विदेश में अध्ययन किया हो या अध्ययन कर रहे हों** और जे. ई. ई. (एडवांस्ड) **2023** में शामिल होना चाहते हों, उन्हें जे. ई. ई. (मेन) 2023 में शामिल होने की आवश्यकता नहीं है। जे. ई. ई. (मेन) 2023 के संबंध में अधिक जानकारी वेबसाइट https://jeemain.nta.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

## 11 जे.ई.ई.(एडवांस्ड) 2023 में प्रस्तुत होने के लिए भारतीय नागरिकों हेतु पात्रता मानदंड

जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 में भाग लेने के लिए सभी प्रत्याशियों को **निम्नलिखित पाँच मानदंडों में से प्रत्येक को पूरा करना आवश्यक है**।

### मानदंड 1- जे.ई.ई. (मेन) 2023 में प्रदर्शन:

अभ्यर्थी को जे.ई.ई. (मेन) 2023 के बी.ई./ बी.टेक. प्रश्नपत्र में उत्तीर्ण शीर्ष 2,50,000* (सभी श्रेणियां सम्मिलित) में सामिल होना चाहिए है।

शॉर्टलिस्ट किए जाने वाले प्रत्याशियों के विभिन्न श्रेणियों के प्रतिशत इस प्रकार हैं:

सामान्य–ई.डब्ल्यू.एस. [GEN (EWS)] 10%, ओ.बी.सी.-एन.सी.एल. [OBC-NCL] के लिए 27%, एस.सी. [SC] के लिए 15%, एस.टी. [ST] के लिए 7.5%, और शेष सामान्य श्रेणी के लिए 40.5% उपलब्ध है। इन पांच श्रेणियों में से प्रत्येक में पी.डब्ल्यू.डी प्रत्याशियों के लिए 5% क्षैतिज (horizontal) आरक्षण उपलब्ध है।

नीचे दिए गए सारणी में शीर्ष 2,50,000 अभ्यर्थियों के जे.ई.ई. (मेन) 2023 के बी. ई./ बी.टेक. प्रश्नपत्र में प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में चयन के लिए निर्धारित क्रम को दर्शाया गया है।

**शीर्ष 2,50,000* प्रत्याशियों का श्रेणी अनुसार वितरण इस प्रकार है (मानदंड 1)**

| क्रम | श्रेणी | ‘शीर्ष ’ प्रत्याशियों की संख्या | |
|---|---|---|---|
| 1 | मुक्त | 96187 | 101250 |
| 2 | मुक्त – दिव्यांग | 5063 | |
| 3 | सामान्य–आर्थिक रूप से कमजोर | 23750 | 25000 |
| 4 | सामान्य- आर्थिक रूप से कमजोर - दिव्यांग | 1250 | |
| 5 | अन्य पिछड़ा वर्ग – नॉन क्रीमी लेयर | 64125 | 67500 |
| 6 | अन्य पिछड़ा वर्ग - नॉन क्रीमी लेयर - दिव्यांग | 3375 | |
| 7 | अनुसूचित जाति | 35625 | 37500 |
| 8 | अनुसूचित जाति - दिव्यांग | 1875 | |
| 9 | अनुसूचित जनजाति | 17812 | 18750 |
| 10 | अनुसूचित जनजाति - दिव्यांग | 938 | |

* *किसी भी श्रेणी में "सहबद्ध" रैंक / स्कोर होने की स्थिति में प्रत्याशियों की कुल संख्या 2,50,000 से थोड़ी अधिक हो सकती है।*

### मानदंड 2 – आयु सीमा:

अभ्यर्थियों का जन्म 1 अक्टूबर, 1998 को या उसके बाद होना अनिवार्य है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पी.डब्ल्यू.डी अभ्यर्थियों को पांच वर्ष की छूट दी गई है, अर्थात इन अभ्यर्थियों का जन्म 1

अक्टूबर, 1993 को या उसके बाद होना आवश्यक है।

**मानदंड 3- प्रयासों की संख्या:**

अभ्यर्थी जे.ई.ई. (एडवांस्ड) हेतु केवल क्रमिक दो वर्षो में अधिकतम दो प्रयास कर सकते है।

**मानदंड 4- कक्षा XII (अथवा समकक्ष) परीक्षा में उपस्थिति *:**

अभ्यर्थी को वर्ष 2022 अथवा 2023 में प्रथम बार कक्षा XII (या समकक्ष) की परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा गणित अनिवार्य विषय के रूप में शामिल होना आवश्यक है।

जो अभ्यर्थी वर्ष 2021 में कक्षा XII ( अथवा समकक्ष) परीक्षा में पहली बार शामिल हुए, वे प्रयास/प्रेषित किए गए विषयों के संयोजन के बावजूद जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 में शामिल होने के लिए योग्य नहीं हैं।

* *बारहवीं कक्षा (या समकक्ष) की परीक्षा में बैठने का अर्थ है कि संबंधित बोर्ड ने उस वर्ष के लिए परिणाम घोषित कर दिया हो, भले ही परीक्षा आयोजित की गई हो या नहीं। यदि किसी विशेष अभ्यर्थी का परिणाम रोक दिया जाता है तो भी इसे उपस्थित माना जाएगा।*

हालाँकि, यदि बारहवीं कक्षा (या समकक्ष) के परीक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक वर्ष 2020-21 के लिए परिणाम 25 अक्टूबर 2021 को या उसके बाद घोषित किया हो, तो उस बोर्ड के वे अभ्यर्थी जो 2021 में अपनी कक्षा बारहवीं (या समकक्ष) की परीक्षा में शामिल हुए थे, वे जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 में उपस्थित होने के लिए योग्य होंगे, बशर्ते वे अन्य सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों। यदि बारहवीं कक्षा (या समकक्ष) के परीक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक वर्ष 2020-21 के परिणाम 25 अक्टूबर, 2021 से पहले घोषित कर दिए, लेकिन किसी विशेष अभ्यर्थी का परिणाम रोक दिया गया, तब वह अभ्यर्थी जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 में उपस्थित होने के लिए पात्र नहीं होगा।

**मानदंड 5- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में पूर्व में लिया गया प्रवेश:**

अभ्यर्थी द्वारा किसी भी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रवेश नहीं लिया होना चाहिए, चाहे उसने शैक्षणिक कार्यक्रम जारी रखा हो या छोड़ दिया हो अथवा पूर्व में JoSAA के माध्यम से "ऑनलाइन" / "सूचना केन्द्र (Reporting Centre)" पर सूचना देकर भा. प्रौ. सं. में प्रवेश स्वीकार किया हो। किसी भी भा.प्रौ.सं. में प्रवेश होने के बाद जिन अभ्यर्थियों का भा. प्रौ. संस्थानों में प्रवेश निरस्त (किसी भी कारण) कर दिया गया था वह भी जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 में पंजीकरण के पात्र नहीं हैं।

अभ्यर्थी जिन्होंने प्रथम बार 2022 में किसी भी भा. प्रौ. संस्थानों में प्राक् -प्रवेश (Preparatory) पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है वे जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 में शामिल हो सकते हैं।

जिन अभ्यर्थियों को JoSAA 2022 के माध्यस से भा.प्रौ.सं. में सीट आवंटित की गई थी लेकिन (i) उन्होंने किसी भी "सूचना केन्द्र (reporting centre)" या "ऑनलाइन" माध्यम से सूचना नहीं दी हो, अथवा (ii) सीट आवंटन के अंतिम राउंड से पहले उन्होंने नाम वापस लिया हो अथवा (iii) संयुक्त सीट आवंटन 2022 के दौरान भा.प्रौ.संस्थानों के लिए सीट आवंटन के अंतिम दौर से पहले उनकी सीट (किसी भी कारण से) रद्द कर

दी गई, वे जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 में शामिल होने के पात्र हैं।

तथापि, उक्त किसी भी एक स्थिति में अभ्यर्थी को मानदंड 1 से मानदंड 4 तक सभी शर्तों को पूरा करना आवश्यक है।

**विदेशी और OCI/PIO अभ्यर्थियों के लिए पात्रता मानदंड से संबंधित जानकारी** https://www.jeeadv.ac.in/foreign.html **में प्राप्त की जा सकती है**।

## 12 जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण

**पात्रता:** सभी भारतीय नागरिकों को एक साथ पांच पात्रता मानदंडों में से प्रत्येक को पूरा करना होगा [ देखें खंड 11 - जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 में शामिल होने के लिए सभी भारतीय नागरिको के लिए पात्रता का मानदंड ]। किसी भी अभ्यर्थी का पंजीकरण निरस्त हो सकता है, यदि बाद में यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी ने इन पाँच पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं किया है।

**पंजीकरण पोर्टल:** अभ्यर्थियों को जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के लिए प्रस्तुत होने हेतु पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण केवल ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल के माध्यम से किया जाना है जहाँ पंजीकरण के लिए विस्तृत निर्देश प्रदान किए जाएँगे।

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन अभ्यर्थियों के लिए** | https://jeeadv.ac.in |
| **ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ** | अप्रैल 30, 2023 (रविवार, 10:00 IST भारतीय समयानुसार) |
| **ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तारीख** | मई 07, 2023 (रविवार, 17:00 IST भारतीय समयानुसार) |
| **पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए शुल्क भुगतान के लिए अंतिम तारीख** | मई 08, 2023 (सोमवार, 17:00 IST भारतीय समयानुसार) |

**विदेशी और OCI/PIO अभ्यर्थी निम्नलिखित लिंक देख सकते हैं:** https://jeeadv.ac.in/foreign.html

## 13 जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के लिए पंजीकरण शुल्क

जो अभ्यर्थी जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के लिए प्रस्तुत होना चाहते हैं, उन्हें निम्नलिखित तालिका के अनुसार पंजीकरण शुल्क का भुगतान करना होगा।

| **पंजीकरण शुल्क** | | |
|---|---|---|
| **भारतीय नागरिक** | महिला अभ्यर्थी (सभी श्रेणी) | ₹1450 |
| | अनु. जाति (SC), अनु. जनजाति (ST), दिव्यांग (PwD) अभ्यर्थी | ₹1450 |
| | अन्य सभी अभ्यर्थी | ₹2900 |
| **OCI/PIO नागरिक** | महिला अभ्यर्थी (GEN और GEN-PwD) | ₹1450 |
| | मुक्त (GEN-PwD) | ₹1450 |
| | मुक्त (GEN) | ₹2900 |
| **विदेशी नागरिक** | सार्क (SAARC) देशों में निवासी अभ्यर्थी | USD (यूएसडी) 90# |
| | गैर सार्क (Non-SAARC) देशों में निवासी अभ्यर्थी | USD (यूएसडी) 180# |

# *अथवा भारतीय रुपए में समकक्ष*

- उपरोक्त पंजीकरण शुल्क में सेवा शुल्क, प्रक्रिया शुल्क और अन्य प्रकार के शुल्क जो बैंक वसूल कर सकती है वे इसमें शामिल नहीं हैं। एक बार भुगतान किया गया पंजीकरण शुल्क अप्रतिदेय तथा अहस्तांतरणीय है। सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर अपने खर्चे पर पहुंचना होगा तथा परीक्षा में उपस्थित होने के लिए अपनी व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
- पंजीकरण शुल्क के भुगतान से संबंधित विस्तृत निर्देश जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 ऑनलाइन पंजीकरण के समय ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल पर उपलब्ध किए जाएंगे।

## 14 लेखन सहायक (स्क्राइब) की सेवाएँ

- लेखन सहायक (स्क्राइब या amanuensis) की सेवाएं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय[4] के कार्यालय ज्ञापन अनुसार उन अभ्यर्थियों के लिए हैं जिनकी आँखों में क्षति हो, डिस्लेक्सिया हो, ऊपरी अंगों के हरकत में विकलांगता हो, अंगुली / हाथों को खो चुके हों, या जिसके कारण वे कम्प्यूटर आधारित परीक्षा प्लैटफॉर्म प्रचालन में असमर्थ हों। पी.डब्ल्यू.डी अभ्यर्थी जो स्काइब की सेवाएं लेना चाहते हैं, उन्हें जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान विकल्प द्वारा चुनना आवश्यक है।
- सामाजिक न्याय और अधिकारिता[5] मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार 40 प्रतिशत से कम निशक्तता वाले और लिखने में कठिनाई वाले प्रत्याशी लेखन सहायक (अमेनुएंसिस) की सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। ये अभ्यर्थी भी नीचे खंड 15 द्वारा शासित होंगे। इन अभ्यर्थियों को चिकित्सा प्राधिकरण 5 द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित अपेक्षित प्रमाण-पत्र भी अपलोड करना होगा।
- जो अभ्यर्थी लेखन सहायक की सेवाओं का लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान इसका विकल्प चुनना होगा।
- अभ्यर्थी के निर्देशों के अनुसार लेखन सहायक केवल प्रश्नों को पढ़ने और/या उत्तर लिखने में उम्मीदवार की मदद करेंगे। लेखन सहायक न तो प्रश्नों की व्याख्या करेंगे और न ही कोई समाधान सुझाएँगे।
- लेखन सहायक की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए, अभ्यर्थी को निकटतम क्षेत्रीय समन्वयक आई.आई.टी. के अध्यक्ष, जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023, को, निर्धारित प्रपत्र [प्रपत्र – स्क्राइब (I)/स्क्राइब (II), जो भी प्रयोज्य हो]) को अनुरोध करना होगा। उक्त माँग, पी.डब्ल्यू.डी प्रमाण-पत्र सहित [प्रपत्र-पी.डब्ल्यू.डी (II)/पी.डब्ल्यू.डी (III)/पी.डब्ल्यू.डी (IV), जो भी प्रयोज्य हो] अथवा डिस्लेक्सिक प्रत्याशी [प्रपत्र-डिस्लेक्सिक-1 और डिस्लेक्सिक-2], जो भी प्रयोज्य हो, के प्रमाण-पत्रों की प्रति, या, आर.पी.डब्ल्यू.डी. अधिनियम, 2016 की धारा 2 (एस) की परिभाषा के तहत आवृत गए निर्दिष्ट निशक्तता वाले व्यक्ति के लिए प्रमाण- पत्र [प्रपत्र –निशक्त दिव्यांगता और लिखने में कठिनाई] की प्रति, लेकिन धारा 2 (आर) की परिभाषा के तहत कवर नहीं की गई है। उक्त अधिनियम, अर्थात 40 प्रतिशत से कम अक्षमता वाले और लिखने में कठिनाई वाले व्यक्ति, जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण के समय

[4]संदर्भ : एफ.सं. 34-02/2015-डी डी-III दिनांक अगस्त 29, 2018
[5]संदर्भ : एफ.सं. 29-6/2019-डी डी-III दिनांक अगस्त 10, 2022

अपलोड किए जाने हैं। अनुग्रह पत्र और पी.डब्ल्यू.डी/ डिस्लेक्सिक के लिए अनुरोध पत्र के प्रारूपों को संलग्नक-II: प्रमाण-पत्र प्ररूपों में दिए गए हैं। अनुरोध पत्र के प्रारूप, और 40% से कम निशक्त दिव्यांगता वाले व्यक्ति और प्रमाण पत्र लिखने में कठिनाई वाले व्यक्ति के लिए प्रपत्र भी संलग्नक-II: प्रमाण-पत्र प्ररूपों में दिए गए हैं।

- क्षेत्रीय समन्वयक आई.आई.टी. परीक्षा केंद्र के टेस्ट सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर (TCA) के माध्यम से लेखन सहायक (अमैन्यूएन्स) का एक पैनल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था करेंगे। लेखन सहायक साइंस स्ट्रीम के ग्यारहवीं कक्षा के छात्र होंगे जिनमें गणित एक विषय होगा। पी.डब्ल्यू.डी / डिस्लेक्सिक (गंभीर) / 40% से कम निशक्त दिव्यांगता वाले और अभ्यर्थी को लिखने में कठिनाई वाले व्यक्तियों को इस पैनल से एक लेखन सहायक का चयन करना होगा। प्रत्याशियों को अपना लेखन सहायक लाने की अनुमति नहीं होगी।
- अभ्यर्थी को परीक्षा से एक दिन पहले अर्थात 03 जून, 2023 (शनिवार) को आई.आई.टी. प्रतिनिधियों (आईआर), टेस्ट सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर (टीसीए), और एक निरीक्षक की उपस्थिति में ही लेखन सहायक के पैनल से मिलने की तथा लेखन सहायक को चुनने की अनुमति दी जाएगी।
    - *यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी ने लेखन सहायक की सेवाओं का लाभ उठाया है और/अथवा अनुपूरक समय का लाभ उठाया है, लेकिन वह निशक्त दिव्यांगता के उस नियत दायरे में नहीं आता है, जिसके लिए लेखन सहायक के उपयोग या अनुपूरक समय प्रदान करने की आवश्यकता होती है, और/अथवा उसे लिखने में कठिनाई नहीं है, तो अभ्यर्थी को मूल्यांकन, रैंकिंग और प्रवेश की प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा। यदि ऐसा प्रत्याशी पहले ही किसी आई.आई.टी. में प्रवेश ले चुका है, तो अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।*

## 15 पंजीकरण के लिए अपेक्षित दस्तावेज़

जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के ऑनलाइन पंजीकरण के समय निम्नांकित प्रमाणपत्र की सूची जिनकी स्कैन की हुई प्रतिलिपियों को अपलोड करना है। प्रमाणपत्रों के प्रारूप, जिन्हें कोष्ठकों में अंकित किया गया है, उन्हें संलग्नक-II: प्रमाण-पत्र प्ररूपों में दिया गया है।

अभ्यर्थी ध्यान दें कि आई.आई.टी. में प्रवेश के उद्देश्य से दस्तावेजों को केवल दस्तावेज़ सत्यापन के स्तर पर सत्यापित किया जाएगा, जब अभ्यर्थी जोसा (JoSAA) के माध्यम से प्रस्तावित सीट को स्वीकार कर लेगा। अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे पंजीकरण के चरण में ही सही और पूर्ण दस्तावेज़ अपलोड करें।

सभी अभ्यर्थियों हेतु

- दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र, यदि उसमें जन्म तिथि का उल्लेख है, या जन्म प्रमाण-पत्र।
- बारहवीं कक्षा (या समकक्ष परीक्षा) प्रमाण पत्र [उन लोगों के लिए जो 2022 में पहली बार इस परीक्षा में शामिल हुए थे या जिनके बोर्ड ने 25 अक्टूबर 2021 को या उसके बाद शैक्षणिक सत्र 2020-21 का कक्षा बारहवीं (या समकक्ष परीक्षा) का परिणाम घोषित किया था]। यदि वर्ष 2023 के लिए बारहवीं कक्षा (या

समकक्ष परीक्षा) की मार्कशीट उपलब्ध है, तो इसे अपलोड करना होगा।

- यदि अभ्यर्थी का नाम दसवीं कक्षा के प्रमाण-पत्र के समान नहीं है, तो राजपत्र अधिसूचना जिसमें नाम परिवर्तन दिखाया गया हो।

**सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थी की श्रेणी में प्रवेश पाने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी**

- GEN-EWS प्रमाण पत्र (प्रपत्र-आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग ) भारत सरकार के नवीनतम दिशा निर्देशों के अनुरूप अप्रैल 01, 2023 या उसके बाद जारी होना चाहिए।
- यदि कोई अभ् यर्थी ऑनलाइन पंजीकरण से पहले GEN-EWS प्रमाणपत्र (अप्रैल 01, 2023 को अथवा इसके बाद) प्राप्त करने में असफल रहता है तो प्रमाण पत्र के लाभ प्राप्त करने के लिए इसकी घोषणा[6] (GEN-EWS प्रमाण पत्र के बदले घोषणा पत्र) अपलोड करें।

**अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी के अंतर्गत प्रवेश पाने के इच्छुक अभ्यर्थी**

- अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) प्रमाण पत्र (प्रपत्र – ओ.बी.सी–एन.सी.एल) जो भारत सरकार के नवीनतम दिशा निर्देशों की पुष्टि के अनुसार अप्रैल 01, 2023 को या उसके बाद जारी किया गया हो। यदि अभ्यर्थी ऑनलाइन पंजीकरण से पहले ओ.बी.सी–एन.सी.एल. प्रमाण पत्र (अप्रैल 01, 2023 के बाद जारी) लाने में असफल होता है तो उस समय वे घोषणा पत्र (ओ.बी.सी–एन.सी.एल. प्रमाण पत्र के बदले घोषणा पत्र) अपलोड कर सकते हैं। नवीनतम दिशा निर्देशों एवं राज्य के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग की अद्यतन केन्द्रीय सूची के लिए वेबसाईट http://www.ncbc.nic.in देखें।

**अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत प्रवेश पाने के इच्छुक अभ्यर्थी**

- भारत सरकार के नवीनतम दिशा निर्देशों के अनुसार जाति (अनु. जाति के लिए) या जनजाति (अनु. जनजाति के लिए) प्रमाण पत्र (प्रपत्र – एस.सी./एस.टी.)।

**पी.डब्ल्यू.डी श्रेणी के अंतर्गत प्रवेश पाने के इच्छुक अभ्यर्थी**

- दिव्यांगजनों के लिए विशिष्ट पहचान (UDID) पत्र अथवा अधिसूचित चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी शारीरिक विकलांगता प्रमाण पत्र (प्रपत्र-पी.डब्ल्यू.डी (II)/पी.डब्ल्यू.डी (III)/पी.डब्ल्यू.डी (IV), जो भी लागू हो)।
- डिस्लेक्सिया अभ्यर्थी को FORM-PwD प्रपत्र के बदले प्रपत्र- डिस्लेक्सिक-1 और डिस्लेक्सिक-2 को प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। अभ्यर्थी को पी.डब्ल्यू.डी श्रेणी का लाभ उठाने के लिए प्रमाण पत्र पर "**SEVERE**" (गंभीर) का उल्लेख होना आवश्यक है।
- प्रत्येक भा.प्रौ.संस्थान प्रवेश के समय अभ्यर्थी के विकलांगता की जाँच करने के लिए चिकित्सा मंडल गठित कर सकता है। ऐसे चिकित्सा मंडल का विचार अंतिम होगा और इस आधार पर PwD श्रेणी के

[6]संदर्भ : सं.एफ.सं.20013/01/2018-बीसी-II

लाभ की अनुमति दी जा सकती है या रोक दी जा सकती है। यदि लाभ रोक दिया जाता है, तो संबंधित आई.आई.टी. में प्रवेश रद्द किया जा सकता है।

**अनुपूरक समय चुनने वाले अभ्यर्थियों के लिए**

- विकलांगता प्रमाण पत्र की प्रति के साथ प्रपत्र-अनुपूरक समय-I/अनुपूरक समय-II [संलग्नक-II: प्रमाण-पत्र प्ररूपों देखें] भरकर निकटतम क्षेत्रीय समन्वयक आई.आई.टी. के अध्यक्ष को प्रपत्र दें।
    - *यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी ने अनुपूरक समय का लाभ उठाया है, लेकिन वह निशक्त दिव्यांगता के उस नियत दायरे में नहीं आता है, जिसके लिए अनुपूरक समय प्रदान करने की आवश्यकता होती है, और/अथवा उसे लिखने में कठिनाई नहीं है, तो अभ्यर्थी को मूल्यांकन, रैंकिंग और प्रवेश की प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा। यदि ऐसा प्रत्याशी पहले ही किसी आई.आई.टी. में प्रवेश ले चुका है, तो अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।*

**एक लेखन सहायक की सेवाओं की आवश्यकता वाले अभ्यर्थियों के लिए**

- अनुरोध पत्र – प्रपत्र-लिपिक-I/लिपिक-II को भरकर निकटतम क्षेत्रीय समन्वयक आई.आई.टी. के अध्यक्ष को पत्र [ संलग्नक-II: प्रमाण-पत्र प्ररूपों ] अक्षमता प्रमाण-पत्र/ अक्षमता एवं लिखने में कठिनाई प्रमाण-पत्र सहित]
    - *यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी ने लेखन सहायक की सेवाओं का लाभ उठाया है, लेकिन वह निशक्त दिव्यांगता के उस नियत दायरे में नहीं आता है, जिसके लिए लेखन सहायक के उपयोग करने की आवश्यकता होती है, और/अथवा उसे लिखने में कठिनाई नहीं है, तो अभ्यर्थी को मूल्यांकन, रैंकिंग और प्रवेश की प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा। यदि ऐसा प्रत्याशी पहले ही किसी आई.आई.टी. में प्रवेश ले चुका है, तो अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।*

**डी. एस. श्रेणी [7] के अधीन प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थियों के लिए**

- सशस्त्र सेनाकर्मियों के संबंधित रिकॉर्ड कार्यालयों द्वारा जारी प्रमाण पत्र (प्रपत्र-डी.एस.)।

**उन अभ्यर्थियों के लिए जिनकी कक्षा XII परीक्षा का बोर्ड भारत के बाहर है या उपवाक्य 25 में सूचीबद्ध नहीं है [देखें उपवाक्य 25 : बारहवीं कक्षा के समकक्ष मानी जाने वाली परीक्षा]**

- भारतीय विश्वविद्यालय संघ से इस आशय का प्रमाण-पत्र जो प्रमाणित करे कि अभ्यर्थियों द्वारा उत्तीर्ण की गई परीक्षा बारहवीं कक्षा की परीक्षा के समकक्ष है।

**विदेशी और OCI/PIO अभ्यर्थी कृपया** https://jeeadv.ac.in/foreign.html **लिंक देखें।**

[7] सं. 321/ए डी एम/विविध/खंड-I, दिनांक 22 अक्टूबर, 2020

## 16 प्रवेश पत्र

- जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के लिए सफलतापूर्वक पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थी ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल: https://jeeadv.ac.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| **प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए अनुसूची** | मई 29, 2023 (सोमवार, 10:00 IST भारतीय समयानुसार)<br>से<br>जून 04, 2023 (रविवार, 14:30 IST भारतीय समयानुसार) |

- प्रवेश पत्र में अभ्यर्थी के निम्नलिखित विवरण होंगे: नाम, जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के लिए रोल नंबर, फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, जन्म तिथि, पत्राचार के लिए पता और श्रेणी।
- इसके अलावा, प्रवेश पत्र में अभ्यर्थी को आवंटित परीक्षा केंद्र का नाम और पता होगा।
- अभ्यर्थी सावधानी पूर्वक प्रवेश पत्र मे अंकित प्रविष्टियों को जांच लें। किसी भी विसंगति की स्थिति में संबंधित क्षेत्रीय समन्वयक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के अध्यक्ष, जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 से सम्पर्क करें।
- प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में कोई समस्या होने पर, अभ्यर्थी को तुरंत क्षेत्रीय अध्यक्ष, जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 से संपर्क करना होगा।
- डाउनलोड किये गए प्रवेशपत्र की प्रति के साथ मूल तथा वैध फोटो पहचान पत्र (आधार, विद्यालय / महाविद्यालय / संस्थान पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेन्स, मतदाता पहचानपत्र, पासपोर्ट , पेन कार्ड , नोटरीकृत प्रमाण पत्र में से कोई एक) परीक्षा के समय अवश्य प्रस्तुत करना होगा। ऐसा नहीं करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा के लिए प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## 17 प्रश्न पत्र

- जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 में दो प्रश्न पत्र होंगे: प्रश्नपत्र 1 और प्रश्नपत्र 2 प्रत्येक तीन घंटे की अवधि का होगा। दोनों प्रश्नपत्रों के लिए उपस्थित होना अनिवार्य है।
- प्रत्येक प्रश्न पत्र में तीन अलग-अलग खंड होंगे, अर्थात भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित। पाठ्यक्रम संलग्नक- I: पाठ्यक्रम में दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्रों में अभ्यर्थियों की समझ, तर्क और विश्लेषणात्मक क्षमता का परीक्षण करने के लिए उसी अनुसार तैयार किए गए प्रश्न शामिल होंगे।
- कुछ प्रश्नों के गलत उत्तरों के लिए नकारात्मक अंक दिए जा सकते हैं। अंकन योजना का विवरण परीक्षा के समय "अभ्यर्थियों को निर्देश" अनुभाग में प्रदान किया जाएगा।
- अभ्यर्थियों को परीक्षा के समय उपलब्ध प्रश्नपत्रों में दिए गए विस्तृत निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना होगा और उनका पालन करना होगा।

- प्रश्न पत्र अंग्रेज़ी और हिंदी दोनों भाषाओं में होंगे। अभ्यर्थियों के पास परीक्षा के दौरान किसी भी समय पसंदीदा भाषा चुनने (और बीच में स्विच करने) का विकल्प होगा। किसी भी मतभेद की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।
- यद्यपि प्रश्नों की सटीकता के लिए पर्याप्त सावधानी का ध्यान रखा जाएगा, फिर भी किसी प्रश्न (प्रश्नों) को हटाए जाने की स्थिति में, सभी अभ्यर्थीयों को उस प्रश्न (प्रश्नों) के लिए पूर्णांक दिए जाएंगे।

## 18 परीक्षा की प्रणाली

जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 परीक्षा केवल कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड में आयोजित की जाएगी। सीबीटी मोड से परिचित होने के लिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट https://jeeadv.ac.in पर उपलब्ध मॉक टेस्ट लें।

प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र पर एक कंप्यूटर टर्मिनल (नोड) आवंटित किया जाएगा। सीबीटी की स्वागत लॉगिन स्क्रीन उस विशेष कंप्यूटर को आवंटित अभ्यर्थी की तस्वीर प्रदर्शित करेगी। लॉगिन के लिए, अभ्यर्थी को लॉगिन-आईडी के रूप में जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 रोल नंबर दर्ज करना होगा और पासवर्ड के रूप में जन्म तिथि (ddmmyyyy प्रारूप में) दर्ज करनी होगी (उदाहरण के लिए, यदि अभ्यर्थी की जन्म तिथि 5 सितंबर, 2001 है, दर्ज किया जाने वाला पासवर्ड 05092001 होगा)।

लॉगिन के उपरांत, अभ्यर्थी परीक्षा के लिए विस्तृत निर्देश देख सकेंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे प्रश्नों के प्रकार और अंकन योजना के बारे में निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़ें। परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय पर अभ्यर्थी आगे बढ़ सकेंगे और कंप्यूटर स्क्रीन पर प्रश्न देख सकेंगे। अभ्यर्थियों के पास परीक्षा की पूरी अवधि के दौरान अपनी पसंदीदा भाषा (अंग्रेज़ी अथवा हिंदी) को चुनने (और बीच में स्विच/टॉगल) करने का विकल्प होगा।

कंप्यूटर से जुड़ा कीबोर्ड , यदि कोई हो, परीक्षा की पूरी अवधि के दौरान अक्षम रहेगा। प्रश्न के प्रकार के आधार पर, प्रश्नों के उत्तर या तो कंप्यूटर माउस का उपयोग करके वर्चुअल ऑन-स्क्रीन कीबोर्ड (संख्यात्मक या अन्य) पर क्लिक करके या कंप्यूटर माउस का उपयोग करके चुने गए विकल्प (विकल्पों) पर क्लिक करके दर्ज किए जा सकते हैं। अभ्यर्थियों के पास परीक्षा की पूरी अवधि के दौरान किसी भी समय पहले से दर्ज किए गए उत्तरों को बदलने/संशोधित करने का विकल्प होगा।

यदि परीक्षा के दौरान किसी अभ्यर्थी को आवंटित कम्प्यूटर/माउस किसी समय खराब हो जाता है तो अभ्यर्थी को तुरंत दूसरा कंप्यूटर सिस्टम आबंटित किया जाएगा और खोए समय को स्वतः सर्वर में समायोजित किया जाएगा ताकि प्रत्येक प्रश्नपत्र में प्रश्नों का उत्तर देने के लिए 3 घंटें (180 मिनट) [4 घंटें (240 मिनट) का समय पी.डब्ल्यू.डी अभ्यर्थियों / 40 प्रतिशत से कम निशक्तता वाले व्यक्तियों और लिखने में कठिनाई के लिए जिन्होंने प्रतिपूरक समय का विकल्प चुना है]।

प्रत्येक परीक्षा केंद्र में परीक्षा का संचालन करने वाले तकनीकी भागीदार के प्रतिनिधि के साथ-साथ एक अथवा एक से अधिक आई.आई.टी. के प्रतिनिधि होंगे। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई होने पर अभ्यर्थी इन प्रतिनिधियों से पर्यवेक्षक के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

## 18.1 सीबीटी के लिए सामान्य अनुदेश:

(क) जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 परीक्षा के प्रत्येक प्रश्नपत्र की कुल अवधि 3 घंटे (180 मिनट) [4 घंटे (240 मिनट) पी.डब्ल्यू.डी अभ्यर्थियों के लिए / 40% से कम निशक्तता वाले व्यक्तियों और लिखने में कठिनाई वाले व्यक्तियों के लिए है जिन्होंने अनुपूरक समय का विकल्प चुना है] समयावधि है।

(ख) हर अभ्यर्थी का ऑन स्क्रीन कंप्यूटर क्लॉक काउंटर सर्वर पर सेट किया जाएगा। कंप्यूटर स्क्रीन के ऊपर दाईं ओर उलटी गिनती घड़ी अभ्यर्थी को परीक्षा पूरी करने के लिए उपलब्ध शेष समय (मिनटों में) प्रदर्शित की जाएगी। टाइमर शून्य पर पहुंच जाने पर, परीक्षा अपने आप समाप्त हो जाएगी। अभ्यर्थी को परीक्षा समाप्त करने या जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।

(ग) स्क्रीन के दाईं ओर प्रदर्शित प्रश्न पटल निम्नलिखित प्रतीकों में से एक का उपयोग करके प्रत्येक प्रश्न की स्थिति दिखाएगा:




(घ) किसी प्रश्न के लिए "*चिन्हित समीक्षा*" स्थिति इंगित करती है कि अभ्यर्थी उस प्रश्न पर फिर से विचार करना चाहेंगे। एक अभ्यर्थी के पास एक प्रश्न का उत्तर देने और साथ ही "*समीक्षा के लिए चिह्नित*" प्रश्न को चिह्नित करने का विकल्प होता है। उन प्रश्नों के उत्तर मूल्यांकन के लिए विचार किए जाएँगे। हालांकि, यदि किसी अभ्यर्थी ने बिना उत्तर दिए किसी प्रश्न के लिए "*मार्क फॉर रिव्यू*" डाल दिया है, तो बिना उत्तर के समीक्षा के लिए चिह्नित किए गए संबंधित प्रश्न को मूल्यांकन के लिए नहीं माना जाएगा। यह ध्यान दिया जा सकता है कि अभ्यर्थी परीक्षा के दौरान किसी भी समय संबंधित अनुभाग के प्रश्न पैलेट पर प्रदर्शित संबंधित प्रश्न संख्या आइकन पर क्लिक करके किसी भी "*समीक्षा के लिए चिह्नित*" प्रश्न पर वापस लौट सकते हैं।

(ङ) अभ्यर्थी प्रश्न पैलेट को संक्षिप्त कर सकते हैं और इस तरह प्रश्न पैलेट के बाईं ओर दिखाई देने वाले ">" प्रतीक पर क्लिक करके प्रश्न देखने की विंडो को अधिकतम कर सकता है। प्रश्न पैलेट को फिर से देखने के लिए, अभ्यर्थी "<" चिह्न पर क्लिक कर सकते हैं जो प्रश्न विंडो के दाईं ओर दिखाई देता है।

(च) अभ्यर्थी स्क्रीन के दाईं ओर दिए गए "*व्यू इन*" आइकन में ड्रॉपडाउन मेनू पर क्लिक करके परीक्षा के दौरान किसी भी समय प्रश्नों को प्रदर्शित करने के लिए अपनी पसंद की भाषा (अंग्रेज़ी अथवा हिंदी) को बदल सकते हैं।

(छ) पूरे प्रश्न को देखने के लिए, अभ्यर्थी माउस का उपयोग करके ऊपर और नीचे स्क्रॉल कर सकते हैं या प्रश्न देखने के क्षेत्र के बाएँ और दाएँ स्क्रॉल कर सकते हैं। अभ्यर्थी नीचे जाने के लिए ⬇ आइकन पर क्लिक

कर सकते हैं और स्क्रॉल किए बिना प्रश्न क्षेत्र के शीर्ष पर नेविगेट करने के लिए ⬆ आइकन पर क्लिक कर सकते हैं।

(ज) स्क्रीन के ऊपरी दाएँ कोने पर "*प्रश्न पत्र*" आइकन पर क्लिक करके संपूर्ण प्रश्नपत्र देखा जा सकता है।

(झ) प्रत्येक प्रश्नपत्र के प्रारंभ में अभ्यर्थियों को रफ़ कार्य /गणना करने के लिए *एक स्क्रिबल पैड* प्रदान किया जाएगा। *स्क्रिबल पैड* में अभ्यर्थियों के लिए अपना *नाम* और *पंजीकरण संख्या* लिखने के लिए एक हेडर पेज होगा। इन पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर होने चाहिए और निरीक्षक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिए। अभ्यर्थियों को परीक्षा के प्रत्येक प्रश्नपत्र के अंत में अपने हस्ताक्षरित स्क्रिबल पैड अपने साथ वापस ले जाने की अनुमति है। अभ्यर्थियों को कोई अतिरिक्त स्क्रिबल पैड नहीं दिया जाएगा।

## 18.2 एक प्रश्न पर नेविगेट करना:

प्रश्न पत्र के अनुभागों के बीच नेविगेट करने के लिए, एक अभ्यर्थी को सभी प्रदर्शित अनुभागों में से पसंदीदा अनुभाग पर क्लिक करना होगा।

एक ही खंड में प्रश्नों के बीच नेविगेट करने के लिए, अभ्यर्थी को निम्नलिखित कार्य करने होंगे:

(क) उस क्रमांकित प्रश्न पर सीधे जाने के लिए स्क्रीन के दाईं ओर प्रश्न पटल में प्रश्न संख्या पर क्लिक करें। ध्यान दें कि इस विकल्प का उपयोग करने से वर्तमान में प्रदर्शित प्रश्न का उत्तर सहेजा नहीं जाता है।

(ख) किसी भी प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए "*सेव एंड नेक्स्ट*" पर क्लिक करें। "*सेव एंड नेक्स्ट*" पर क्लिक करने से वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव हो जाएगा और अगला प्रश्न अभ्यर्थी के कंप्यूटर स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा।

(ग) समीक्षा के लिए एक प्रश्न को चिह्नित करने के लिए "*मार्क फॉर रिव्यू एंड नेक्स्ट*" पर क्लिक करें (उत्तर के साथ या इसके बिना) और अगले प्रश्न पर आगे बढ़ें।

## 18.3 प्रश्न का उत्तर देना:

1. बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न का उत्तर देने की प्रक्रिया:

   (क) विकल्प (विकल्पों) का चयन करने के लिए, विकल्प (विकल्पों) के संबंधित बटन (बटनों) पर क्लिक करें।

   (ख) चुने गए उत्तर को अचयनित करने के लिए, चुने गए विकल्प के बटन पर फिर से क्लिक करें या "*प्रतिक्रिया साफ़ करें* " बटन पर क्लिक करें।

   (ग) उत्तर को सेव करने के लिए, अभ्यर्थी को "*सेव एंड नेक्स्ट*" बटन पर क्लिक करना होगा।

   (घ) समीक्षा के लिए प्रश्न को चिह्नित करने के लिए (उत्तर के साथ या उसके बिना), "*मार्क फॉर रिव्यू एंड नेक्स्ट*" बटन पर क्लिक करें।

2. ऑन-स्क्रीन वर्चुअल कीबोर्ड (संख्यात्मक या अन्य) से इनपुट की आवश्यकता वाले प्रश्नों के उत्तर देने की प्रक्रिया:

(क) इस प्रकार के प्रश्नों के प्रश्न कथन के ठीक नीचे स्क्रीन पर एक वर्चुअल कीबोर्ड दिखाई देगा। अभ्यर्थी को प्रदान किए गए कंप्यूटर माउस की मदद से आवश्यक स्थान में उत्तर दर्ज करने के लिए ऑन-स्क्रीन वर्चुअल कीबोर्ड का उपयोग करने की आवश्यकता है।

(ख) परीक्षण के दौरान किसी भी समय, यदि आवश्यक हो, उत्तर को बदला जा सकता है। उत्तर को सेव करने के लिए, अभ्यर्थी को *"सेव एंड नेक्स्ट"* बटन पर क्लिक करना होगा।

(ग) समीक्षा के लिए प्रश्न को चिह्नित करने हेतु (उत्तर के साथ या उसके बिना), "*मार्क फॉर रिव्यू एंड नेक्स्ट*" बटन पर क्लिक करें।

परीक्षा की पूरी अवधि के दौरान, कभी भी अभ्यर्थी के पास किसी प्रश्न के पहले से दर्ज किये गए उत्तर को बदलने का विकल्प होगा। पहले से उत्तर दिए गए किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न पटल से संबंधित प्रश्न का चयन करें, फिर पहले उत्तर में "*Clear Response*" (क्लियर रिस्पांस) बटन पर क्लिक करें और बाद में उस प्रकार के प्रश्न का उत्तर देने की प्रक्रिया का पालन करें।

### 18.4 अनुभागों के माध्यम से नैविगेट करना:

1. प्रश्न पत्र के अनुभाग स्क्रीन के शीर्ष बार पर प्रदर्शित होते हैं। अनुभाग के प्रश्नों को अनुभाग के नाम पर क्लिक करके देखा जा सकता है। अभ्यर्थी जो वर्तमान में देख रहा है वह अनुभाग हाइलाइट किया जाएगा।
2. किसी अनुभाग के अंतिम प्रश्न पर "*सेव एंड नेक्स्ट*" बटन पर क्लिक करने के बाद, अभ्यर्थी को अगले अनुभाग के पहले प्रश्न पर स्वचालित रूप से ले जाया जाएगा।
3. अभ्यर्थी सुविधा के अनुसार परीक्षा की अवधि के दौरान किसी भी समय अनुभागों और किसी भी खंड के प्रश्नों के बीच फेरबदल कर सकते हैं।
4. अभ्यर्थी संबंधित खंड सारांश को लेजेंड के भाग के रूप में देख सकते हैं जो प्रश्न पटल के ऊपर प्रत्येक खंड में दिखाई देता है।

## 19 जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 आयोजित किए जाने वाले शहर और कस्बे

जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 भारत के चुनिंदा शहरों और कस्बों में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को अनिवार्य रूप से ऑनलाइन पंजीकरण के समय अपनी पसंद के आठ (8) शहरों/कस्बों का चयन करना होगा। **अभ्यर्थी की पसंद के बीच से शहर/कस्बा आवंटित करने का प्रयास किया जाएगा, लेकिन असाधारण परिस्थितियों में कोई अलग शहर/नगर आवंटित किया जा सकता है। किसी भी परिस्थिति में शहर/कस्बे के परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।** उन शहरों/कस्बों की अस्थायी सूची जहाँ जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 परीक्षा आयोजित की जाएगी, निम्नलिखित सूची में दी गई है। ऑनलाइन जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 पंजीकरण शुरू होने से पहले परीक्षा शहरों/कस्बों की अंतिम सूची पंजीकरण पोर्टल में अधिसूचित की जाएगी। जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 भारत के बाहर किसी भी केंद्र में आयोजित नहीं किया जाएगा।

# जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के लिए शहरों और कस्बों की संभावित सूची

| शहर/ कस्बा | कोड |
|---|---|
| **आई.आई.टी. मुंबई ज़ोन** | |
| **गोवा** | |
| पणजी | 101 |
| मारगाँव /मडगाँव | 102 |
| | |
| **गुजरात** | |
| अहमदाबाद | 103 |
| आणंद | 104 |
| भावनगर | 105 |
| भुज | 106 |
| गांधीनगर | 107 |
| हिमतनगर | 108 |
| जामनगर | 109 |
| जूनागढ़ | 110 |
| मेहसाना | 111 |
| राजकोट | 112 |
| सूरत | 113 |
| वड़ोदरा | 114 |
| वापी | 115 |
| वलसाड | 116 |
| | |
| **कर्णाटक** | |
| बागलकोट | 117 |
| बेलागावी (बेलगाम) | 118 |
| बेल्लारी | 119 |
| बंगलुरु | 120 |
| दवानगेरे | 121 |
| धारवाड़ -हुब्बाली(हुबली ) | 122 |
| हासन | 123 |
| कलबुरगी (गुलबर्ग ) | 124 |
| मंगलुरु ( मंगलोर) | 125 |
| मयसुरु (मैसूर) | 126 |
| शिवमोग्गा (शिमोगा) | 127 |
| तुमकुरु (तुमकुर) | 128 |
| उडुपी/ मणिपाल | 129 |
| | |
| **महाराष्ट्र** | |
| अहमदनगर | 130 |
| अकोला | 131 |
| अमरावती | 132 |
| औरंगाबाद | 133 |
| भंडारा | 134 |
| चंद्रपुर | 135 |
| धुले | 136 |
| जलगाँव | 137 |
| कोल्हापुर | 138 |
| लातूर | 139 |
| मुंबई | 140 |
| नागपुर | 141 |
| नांदेड | 142 |
| नाशिक | 143 |

| शहर/ कस्बा | कोड |
|---|---|
| नवी मुंबई | 144 |
| पालघर | 145 |
| पुणे | 146 |
| रायगढ़ | 147 |
| संगमनेर | 148 |
| सांगली | 149 |
| सतारा | 150 |
| सोलापुर | 151 |
| थाने | 152 |
| वसई | 153 |
| वर्धा | 154 |
| यवतमाल | 155 |
| | |
| **आई.आई.टी. दिल्ली ज़ोन** | |
| **दिल्ली एन सी आर** | |
| दिल्ली (पूर्व ) | 201 |
| दिल्ली (उत्तर) | 202 |
| दिल्ली (दक्षिण) | 203 |
| दिल्ली (पश्चिम) | 204 |
| फ़रीदाबाद | 205 |
| नोएडा | 206 |
| गुडगाँव | 207 |
| | |
| **जम्मू एवं कश्मीर** | |
| जम्मू | 208 |
| श्रीनगर | 209 |
| | |
| **लद्दाख** | |
| लेह | 210 |
| | |
| **राजस्थान** | |
| अजमेर | 211 |
| अलवर | 212 |
| भीलवाड़ा | 213 |
| बीकानेर | 214 |
| हनुमानगढ़ | 215 |
| जयपुर | 216 |
| जोधपुर | 217 |
| कोटा | 218 |
| सीकर | 219 |
| उदयपुर | 220 |
| | |
| **आई.आई.टी. गुवाहाटी ज़ोन** | |
| **अरुणाचल प्रदेश** | |
| नाहरलागुन | 301 |
| | |
| **असम** | |
| डिब्रूगढ़ | 302 |
| गुवाहाटी | 303 |
| जोरहाट | 304 |
| सिलचर | 305 |
| तेजपुर | 306 |

| शहर/ कस्बा | कोड |
|---|---|
| | |
| **बिहार** | |
| आरा | 307 |
| औरंगाबाद | 308 |
| भागलपुर | 309 |
| दरभंगा | 310 |
| गया | 311 |
| मुजफ्फरपुर | 312 |
| पटना | 313 |
| पूर्णिया | 314 |
| रोहतास | 315 |
| | |
| **मणिपुर** | |
| इम्फाल | 316 |
| | |
| **मेघालय** | |
| शिलॉन्ग | 317 |
| | |
| **मिज़ोरम** | |
| आइजोल | 318 |
| | |
| **नागालैंड** | |
| कोहिमा | 319 |
| | |
| **सिक्किम** | |
| गंगटोक | 320 |
| | |
| **त्रिपुरा** | |
| अगरतला | 321 |
| | |
| **पश्चिम बंगाल** | |
| सिलिगुड़ी | 322 |
| | |
| **आई.आई.टी. कानपूर ज़ोन** | |
| **मध्य प्रदेश** | |
| भोपाल | 401 |
| इंदौर | 402 |
| जबलपुर | 403 |
| सागर | 404 |
| सतना | 405 |
| उज्जैन | 406 |
| | |
| **उत्तर प्रदेश** | |
| गोरखपुर | 407 |
| झाँसी | 408 |
| कानपूर | 409 |
| लखनऊ | 410 |
| प्रयागराज (अलाहाबाद) | 411 |
| वाराणसी | 412 |
| | |
| **आई.आई.टी. खड़गपुर ज़ोन** | |
| **आंडमान और निकोबार द्वीप समूह** | |
| पोर्ट ब्लेयर | 501 |
| | |

| शहर/ कस्बा | कोड |
|---|---|
| **आंध्र प्रदेश** | |
| श्रीकाकुलम | 502 |
| विशाखापत्तनम | 503 |
| विजयनगरम | 504 |
| | |
| **छत्तीसगढ़** | |
| भिलाई | 505 |
| बिलासपुर | 506 |
| रायपुर | 507 |
| | |
| **झारखण्ड** | |
| धनबाद | 508 |
| हजारीबाग | 509 |
| जमशेदपुर | 510 |
| रांची | 511 |
| | |
| **ओड़िशा** | |
| बालासोर | 512 |
| बहरामपुर (गंजम) | 513 |
| भुबनेश्वर | 514 |
| कट्टक | 515 |
| जेयपोर | 516 |
| राउरकेला | 517 |
| संबलपुर | 518 |
| | |
| **पश्चिम बंगाल** | |
| आसनसोल | 519 |
| बहरामपुर (मुर्शिदाबाद) | 520 |
| बर्दवान | 521 |
| दुर्गापुर | 522 |
| कल्याणी (नदिया) | 523 |
| खड़गपुर-कोलाघाट | 524 |
| कोलकाता (उत्तर) | 525 |
| कोलकाता (दक्षिण) | 526 |
| | |
| **आई.आई.टी. हैदराबाद ज़ोन** | |
| **आंध्र प्रदेश** | |
| अमलापुरम | 601 |
| अनंतपुर | 602 |
| भीमावरम | 603 |
| चिरला | 604 |
| चित्तूर | 605 |
| इलुरू | 606 |
| गुद्लावाल्लेरू | 607 |
| गुडुर | 608 |
| गुंटूर | 609 |
| कडापा | 610 |
| काकीनाड़ा | 611 |
| कुरनूल | 612 |
| मरकपुर | 613 |
| माय्लावाराम | 614 |
| नारासरावपेट | 615 |

| शहर/ कस्बा | कोड |
|---|---|
| नेल्लोर | 616 |
| ओंगोले | 617 |
| राजसमुन्द्री | 618 |
| सुरमपेलम | 619 |
| तडेपल्लिगुडम | 620 |
| तिरुपति | 621 |
| विजयवाड़ा | 622 |
| | |
| **केरला** | |
| अलाप्पुझा | 623 |
| कन्नूर | 624 |
| कासरगोड | 625 |
| कोच्चि | 626 |
| कोल्लम | 627 |
| कोट्टायम | 628 |
| कोझिकोड | 629 |
| मलप्पुरम | 630 |
| पलक्कड़ | 631 |
| तिरुवनंतपुरम | 632 |
| त्रिचूर | 633 |
| | |
| **पुदुचेरी** | |
| पुदुचेरी | 634 |
| | |
| **तमिलनाडु** | |
| चेन्नई | 635 |
| कोयम्बटूर | 636 |
| मदुरै | 637 |
| सालेम | 638 |
| ठंजवुर | 639 |
| तिरुचिरापल्ली | 640 |
| तिरुनेलवेली | 641 |
| वेल्लोर | 642 |
| नागरकोइल | 643 |
| नामक्कल | 644 |
| विरुधुनगर | 645 |
| | |
| **तेलंगाना** | |
| आदिलाबाद | 646 |
| हैदराबाद | 647 |
| करीमनगर | 648 |
| खम्मम | 649 |
| कोडाद | 650 |
| कोठागुदेम | 651 |
| महबूबनगर | 652 |
| नलगोंडा | 653 |
| निज़ामाबाद | 654 |
| सथुपल्ली | 655 |
| सिद्दीपेट | 656 |
| सूर्यापेट | 657 |
| वारंगल | 658 |

| शहर/ कस्बा | कोड |
|---|---|
| | |
| **आई.आई.टी. रुड़की ज़ोन** | |
| **चंडीगढ़** | |
| चंडीगढ़ | 701 |
| | |
| **हरियाणा** | |
| अंबाला | 702 |
| हिसार | 703 |
| कुरुक्षेत्र | 704 |
| | |
| **हिमाचल प्रदेश** | |
| बिलासपुर | 705 |
| हमीरपुर | 706 |
| शिमला | 707 |
| मंडी | 708 |
| कांगड़ा | 709 |
| | |
| **मध्य प्रदेश** | |
| ग्वालियर | 710 |
| | |
| **पंजाब** | |
| अमृतसर | 711 |
| बठिंडा | 712 |
| जालंधर | 713 |
| लुधियाना | 714 |
| मोहाली | 715 |
| पटिआला | 716 |
| | |
| **उत्तराखंड** | |
| देहरादून | 717 |
| हल्द्वानी | 718 |
| रुड़की | 719 |
| | |
| **उत्तर प्रदेश** | |
| आगरा | 720 |
| अलीगढ़ | 721 |
| बरेली | 722 |
| गाजियाबाद | 723 |
| मथुरा | 724 |
| मेरठ | 725 |
| मुरादाबाद | 726 |
| मुजफ्फरनगर | 727 |
| सहारनपुर | 728 |

# 20 परीक्षा के दिन पालन किए जाने वाले महत्वपूर्ण निर्देश

- अभ्यर्थी परीक्षा के लिए **डाउनलोड किये गए प्रवेश पत्र** की मुद्रित प्रति और अपना मूल पहचान पत्र तथा **वैध फोटो पहचान पत्र** (आधार, विद्यालय / महाविद्यालय / संस्थान पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेन्स, मतदाता पहचानपत्र, पासपार्ट , पेन कार्ड , नोटरी प्रमाण-पत्र में से कोई एक) अवश्य लाएं। केवल वैध प्रवेश पत्र एवं फोटो पहचान-पत्र होने पर ही अभ्यर्थी को परीक्षा देने की अनुमति दी जायेगी।

- अभ्यर्थी की पहचान परीक्षा केंद्र पर निरीक्षकों के साथ-साथ आई.आई.टी. प्रतिनिधियों द्वारा सत्यापित की जाएगी। यदि अभ्यर्थी की पहचान संदेह में है, तो अभ्यर्थी को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। हालांकि, आई.आई.टी. अधिकारी अपने विवेक से कुछ औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद अभ्यर्थी को अस्थायी रूप से परीक्षा में बैठने की अनुमति दे सकते हैं। इन औपचारिकताओं को पूरा करने में लगने वाले समय के बदले परीक्षा को पूरा करने के लिए कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। ऐसे मामलों में जहां अभ्यर्थी को अस्थायी रूप से परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाती है, इस मुद्दे पर क्षेत्रीय समन्वयक आई.आई.टी. के अध्यक्ष, जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 का निर्णय अंतिम होगा।

- परीक्षा में प्रतिरूपण और/या अनुचित साधनों के उपयोग को गंभीर अपराध माना जाता है और इससे जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 और प्रवेश संबंधी सभी प्रक्रियाओं से अभ्यर्थिता को अयोग्य ठहराया जा सकता है। इससे ऐसे अभ्यर्थियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।

- परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने से पहले सभी अभ्यर्थियों की व्यापक और अनिवार्य तलाशी ली जाएगी। जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 महिला अभ्यर्थियों की तलाशी सहित परीक्षा केंद्रों पर कर्मचारियों और अन्य अधिकारियों को उचित और व्यापक निर्देश जारी करेगा।

- केवल पेन, पेंसिल, पारदर्शी बोतल में पीने का पानी, डाउनलोड किया गया प्रवेश पत्र और एक मूल फोटो पहचान पत्र परीक्षा हॉल के अंदर ले जाने की अनुमति है। परीक्षा केंद्र के अंदर निम्नलिखित वस्तुओं की अनुमति नहीं होगी: स्मार्ट /डिजिटल/प्रोग्रामेबल/एनालॉग घड़ियाँ , मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, स्वास्थ्य बैंड या कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, कोई मुद्रित/खाली/हाथ से लिखा हुआ कागज़, लॉग टेबल, राइटिंग पैड, स्केल, इरेज़र, ज्योमेट्री/पेंसिल-बॉक्स, पाउच, कैलकुलेटर, पेन ड्राइव, इलेक्ट्रॉनिक पेन/स्कैनर, वॉलेट, हैंडबैग, कैमरा, गॉगल या इसी तरह के अन्य सामान।

- अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे रत्न/तावीज़, धातु से बनी वस्तुएँ जैसे अंगूठी, ब्रेसलेट, कान की बाली, नोज़ पिन, चेन/हार, पेंडेंट, बैज, ब्रोच, बड़े बटन वाले कपड़े न पहनें। उन्हें चप्पल और सैंडल जैसे खुले जूते पहनने की भी सलाह दी जाती है।

- कोई भी अन्य वस्तु जिसका उपयोग अनुचित साधनों के लिए किया जा सकता है, या माइक्रोचिप, कैमरा, ब्लूटूथ डिवाइस इत्यादि जैसे संचार उपकरणों को छिपाने के लिए किया जा सकता है, की अनुमति नहीं है।

- अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे पीने का पानी पारदर्शी बोतल में लेकर आएं।

- अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर पहले ही रिपोर्ट करना चाहिए, और अपेक्षित औपचारिकताएँ पूरी करनी चाहिए जिनका उल्लेख प्रवेश पत्र में किया जाएगा। परीक्षा केंद्र 07:00 IST बजे से खुले रहेंगे।
- प्रत्येक प्रश्नपत्र (प्रश्नपत्र 1 के लिए 09:00 IST बजे और प्रश्नपत्र 2 के लिए 14:30 IST बजे) की परीक्षा शुरू होने के उपरांत परीक्षा केंद्र पर पहुँचने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रश्नपत्र 1 के लिए परीक्षा केंद्र का मुख्य प्रवेश 9:00 IST बजे (भारतीय मानक समय) और प्रश्नपत्र 2 के लिए 14:30 IST बजे (भारतीय मानक समय) बंद रहेगा।
- अभ्यर्थियों को प्रत्येक प्रश्नपत्र की पूरी अवधि के लिए परीक्षा हॉल में उपस्थित होना आवश्यक है। वे प्रश्नपत्र 1 के लिए 12:00 IST बजे से पहले और प्रश्नपत्र 2 के लिए 17:30 IST बजे से पहले परीक्षा हॉल नहीं छोड़ सकते।
- प्रश्नपत्र 1 और प्रश्नपत्र 2 दोनों में उपस्थित होना अनिवार्य है। इसलिए, केवल उन अभ्यर्थियों की प्रतिक्रियाओं का मूल्यांकन/ग्रेड किया जाएगा जो प्रश्नपत्र 1 और प्रश्नपत्र 2 दोनों के लिए उपस्थित हुए हैं।
- वर्तमान में भारत सरकार द्वारा जारी कोई कोविड-19 संबंधित प्रतिबंध लागू नहीं हैं। परीक्षा के समय लागू होने की स्थिति में, अभ्यर्थियों की जानकारी के लिए जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 वेबसाइट पर एक उपयुक्त संदेश दर्शाया जाएगा।

## 21 अभ्यर्थी की प्रतिक्रियाओं का प्रसारण और उत्तर कुंजी का ऑनलाइन प्रदर्शन

- परीक्षा के दौरान रिकॉर्ड किए गए प्रश्नपत्र 1 और प्रश्नपत्र 2 दोनों के लिए उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों की प्रतिक्रियाएँ जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के अभ्यर्थी पोर्टल से देखने, डाउनलोड करने और प्रिंट करने के लिए उपलब्ध होंगी (अभ्यर्थी पोर्टल पर जाने के लिए, https://jeeadv.ac.in) देखें।
- अनंतिम उत्तर कुंजी केवल अस्थायी है और परिवर्तन के अधीन है।
- प्रश्नपत्र 1 और प्रश्नपत्र 2 दोनों के लिए अनंतिम उत्तर कुंजी जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 ऑनलाइन पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी। अनंतिम उत्तर कुंजियों के प्रदर्शन के बाद, अभ्यर्थी अपनी प्रतिक्रिया, यदि कोई हो, अभ्यर्थी पोर्टल पर जमा कर सकते हैं।
- अंतिम उत्तर कुंजी अभ्यर्थियों की प्रतिक्रिया पर विचार करने के उपरांत, निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी। अंतिम उत्तर कुंजी के अनुसार अंक प्रदान किए जाएँगे:

| | |
|---|---|
| **अभ्यर्थी के जवाबों की कॉपी जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 पर उपलब्ध होगी वेबसाइट** : https://jeeadv.ac.in | जून 09, 2023 (शुक्रवार, 17:00 IST बजे) |
| **अनंतिम उत्तर कुंजी का ऑनलाइन प्रदर्शन** https://jeeadv.ac.in **पर उपलब्ध** | जून 11, 2023 (रविवार, 10:00 IST बजे) |
| **अभ्यर्थी पोर्टल के माध्यम से अनंतिम उत्तर कुंजी पर अभ्यर्थी से प्रतिक्रिया प्राप्त करना** | जून 11, 2023 (रविवार, 10:00 IST बजे) से जून 12, 2023 (सोमवार, 17:00 IST बजे) |
| **अंतिम उत्तर कुंजी का ऑनलाइन प्रदर्शन** https://jeeadv.ac.in **पर** | जून 18, 2023 (रविवार, 10:00 IST बजे) |

# 22 रैंक सूचियाँ

- केवल वे अभ्यर्थी जो प्रश्नपत्र 1 और प्रश्नपत्र 2 दोनों में उपस्थित होंगे, उन्हें रैंकिंग के लिए विचार किया जाएगा।
- जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 में अभ्यर्थी द्वारा भौतिकी में प्राप्त किये गए कुल अंक प्रश्नपत्र 1 के भौतिकी भाग और प्रश्नपत्र 2 के भौतिकी भाग में प्राप्त अंकों के योग होंगे। रसायन विज्ञान और गणित में प्राप्त किये गए अंकों की गणना भी इसी प्रकार की जाएगी।
- जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 में एक अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त कुल अंक, अभ्यर्थी को भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित में दिए गए अंकों का योग होगा।
- जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 में कुल अंकों के आधार पर रैंक सूची तैयार की जाती है।
- यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त किए गए कुल अंक समान हैं, तो रैंक देने के लिए निम्नलिखित टाई-ब्रेक नीति का उपयोग किया जाएगा:

  **Step 1:** उच्च सकारात्मक अंक वाले अभ्यर्थियों को उच्च रैंक से सम्मानित किया जाएगा।

  यदि चरण 1 पर टाई ब्रेकिंग मानदंड टाई को तोड़ने में विफल रहता है, तो चरण 2 में निम्नलिखित मानदंड का पालन किया जाएगा।

  **Step 2:** गणित में उच्च अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को उच्च रैंक दी जाएगी। यदि यह टाई नहीं तोड़ता है, तो उस अभ्यर्थी को उच्च रैंक दिया जाएगा जिसने भौतिकी में उच्च अंक प्राप्त किए हैं। यदि इसके बाद भी टाई होता है, तो अभ्यर्थियों को समान रैंक दी जाएगी।

- प्राक् -प्रवेश पाठ्यक्रमों (Preparatory courses) के लिए रैंक सूची [खंड 28 - प्राक् -प्रवेश पाठ्यक्रम देखें] सभी श्रेणियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पी.डब्ल्यू.डी अभ्यर्थियों के लिए तैयार की जाएगी जो नीचे दिए गए निर्धारित छूट मानदंडों को पूरा करते हैं।
- एक अभ्यर्थी को जे.ई.ई. (एडवांस्ड) में योग्य माना जाता है यदि वह संबंधित श्रेणी के अनुसार और नीचे दी गई तालिका के अनुसार प्रत्येक विषय में और कुल अंकों का न्यूनतम प्रतिशत प्राप्त करता है। एक अभ्यर्थी जो एक से अधिक श्रेणियों में अर्हता प्राप्त करता है, उसे रैंकिंग के उद्देश्य से सभी श्रेणियों में शामिल किया जाएगा।
- रैंकिंग के लिए कोई प्रतीक्षा सूची नहीं होगी।
- योग्यता सूची में केवल ऐसे अभ्यर्थी शामिल किये जाएंगे जिन्होंने प्रत्येक प्रश्नपत्र के प्रत्येक विषय में और कुल अंकों में न्यूनतम निर्धारित अंक प्राप्त किये हैं। न्यूनतम निर्धारित अंक विभिन्न आरक्षण श्रेणियों के लिए भिन्न भिन्न हैं। इसे निम्नलिखित तालिका में दिखाया गया है:

**रैंक सूची में शामिल किए जाने के लिए निर्धारित अंकों का न्यूनतम प्रतिशत**

| रैंक सूची | प्रत्येक विषय में अंकों का न्यूनतम प्रतिशत | कुल अंकों का न्यूनतम प्रतिशत |
|---|---|---|
| सामान्य रैंक सूची (CRL) | 10.0 | 35.0 |
| आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य श्रेणी रैंक सूची (GEN-EWS) | 9.0 | 31.5 |
| अन्य पिछडा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) (OBC-NCL) रैंक सूची | 9.0 | 31.5 |
| अनुसूचित जाति (SC) रैंक सूची | 5.0 | 17.5 |
| अनुसूचित जनजाति (ST) रैंक सूची | 5.0 | 17.5 |
| सामान्य- पी.डब्ल्यू.डी (CRL -PwD) रैंक सूची | 5.0 | 17.5 |
| आर्थिक रूप से कमजोर-दिव्यांग-सामान्य वर्ग (GEN-EWS-PWD) | 5.0 | 17.5 |
| अन्य पिछडा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) - पी.डब्ल्यू.डी (OBC-NCL-PwD) रैंक सूची | 5.0 | 17.5 |
| अनु.जाति- पी.डब्ल्यू.डी (SC-PwD) रैंक सूची | 5.0 | 17.5 |
| अनु.जनजाति-पी.डब्ल्यू.डी (ST-PwD) रैंक सूची | 5.0 | 17.5 |
| प्राक् -प्रवेश पाठ्यक्रम रैंक सूची (Preparatory Courses) | 2.5 | 8.75 |

नोट:(i) *सीआरएल (CRL) वह रैंक सूची है जहाँ सभी अभ्यर्थियों (सभी श्रेणियों के) को रैंक दी जाएगी।*

(ii) *दिनांक 13 जून, 2018 के अनुसार एमएचआरडी के निर्देश (F.No. 28-8/2017-TS-I) के अनुसार यदि आवश्यक हो, बाद में कुल अंकों का न्यूनतम प्रतिशत कम किया जा सकता है।*

## 23 जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के परिणाम

- परिणाम 18 जून, 2023 (रविवार) को घोषित किए जाएँगे। परिणाम घोषित होने के उपरांत सफल अभ्यर्थियों की श्रेणी-वार अखिल भारतीय रैंक (एआईआर) जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध होगी। अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर टेक्स्ट मेसेज भी भेजे जाएँगे।
- अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत रैंक कार्ड नहीं भेजे जाएँगे।
- जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 में क्वालीफ़ाई करना, विकल्पों को भरना और/अथवा संयुक्त सीट आवंटन प्रक्रिया में भाग लेना, अभ्यर्थी को आई.आई.टी. में प्रवेश की गारंटी नहीं देता है। प्रवेश योग्यता और सीट आवंटन के विभिन्न दौरों के दौरान सीटों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा।

## 24 बी.आर्क . पाठ्यक्रम के लिए आर्किटेक्चर ऐप्टीट्यूड टेस्ट

- बी. आर्क . पाठ्यक्रम आई.आई.टी. (बी.एच.यू.) वाराणसी, आई.आई.टी. खड़गपुर और आई.आई.टी. रुड़की में ही उपलब्ध है। बी. आर्क . (आर्किटेक्चर) पाठ्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी का आर्किटेक्चर एप्टीट्यूड टेस्ट (ए.ए.टी) उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।
- जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 में क्वालीफ़ाई करने वाले अभ्यर्थी ही ए.ए.टी 2023 में शामिल होने के पात्र हैं।

- आर्किटेक्चर एप्टीट्यूड टेस्ट (ए.ए.टी) उत्तीर्ण करने के अलावा, बारहवीं कक्षा (या समकक्ष) बोर्ड परीक्षा में प्राप्त अंक का मानदंड [देखें उपवाक्य 26 - बारहवीं कक्षा (या समकक्ष) बोर्ड परीक्षा में प्राप्त अंक] बी. आर्क पाठ्यक्रम प्रवेश के लिए समान रहेगा।
- ए.ए.टी के लिए पाठ्यक्रम संलग्नक-I: पाठ्यक्रम में दिया गया है।
- अभ्यर्थियों को नीचे निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ए.ए.टी के लिए जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 ऑनलाइन पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा।
- ए.ए.टी सभी आई.आई.टी. में आयोजित किया जाएगा।
- परीक्षण में तीन घंटे की अवधि का एक प्रश्नपत्र शामिल होगा।
- ए.ए.टी का प्रश्नपत्र केवल अंग्रेज़ी भाषा में उपलब्ध होगा।
- ए.ए.टी के लिए अलग से कोई प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के डाउनलोड किए गए एडमिट कार्ड को मूल फोटो पहचान पत्र के साथ प्रिंट कर ए.ए.टी परीक्षा हॉल में दिखाया जाना है।
- अभ्यर्थियों को अपनी ड्राइंग और रंग भरने वाली सामग्री स्वयं लाना होगा।
- जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 की संयुक्त कार्यान्वयन समिति ए.ए.टी पास करने के लिए कट-ऑफ अंक तय करेगी।
- ए.ए.टी के परिणाम जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 ऑनलाइन पोर्टल पर घोषित किए जाएँगे।
- कट-ऑफ से ऊपर अंक हासिल करने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा में पास घोषित किया जाएगा। ए.ए.टी में कोई अलग रैंकिंग नहीं है।
- सीटों का आवंटन पूरी तरह से जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 और बी. आर्क में श्रेणी-वार अखिल भारतीय रैंक पर आधारित होगा। पाठ्यक्रम केवल उन अभ्यर्थियों को प्रेषित किया जाएगा जिन्हें ए.ए.टी में पास घोषित किया गया है।

## ए.ए.टी की समय सारणी

| | |
|---|---|
| **ए.ए.टी पंजीकरण के लिए पोर्टल** | https://jeeadv.ac.in |
| **ए.ए.टी के लिए ऑनलाइन पंजीकरण** | जून 18, 2023, (रविवार, 10:00 IST बजे) से<br>जून 19, 2023, (सोमवार, 17:00 IST बजे) |
| **आर्किटेक्चर ऐप्टीट्यूड टेस्ट** | जून 21, 2023 (बुधवार)<br>09:00 IST to 12:00 IST बजे<br>(अभ्यर्थी को 08:00 IST बजे तक परीक्षा केंद्र पहुँचना है।) |
| **ए.ए.टी परिणामों की घोषणा** | जून 24, 2023 (शनिवार), 17:00 IST बजे |

# भाग-III: प्रवेश

## 25 कक्षा XII के समकक्ष मान्य परीक्षाएं

- भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU) द्वारा मान्यता प्राप्त केंद्र अथवा राज्य बोर्ड के अंतर्गत 10+2 द्वारा की अंतिम परीक्षा।
- भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU) द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट या दो वर्षीय पूर्व -विश्वविद्यालय परीक्षा।
- राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के संयुक्त सेवा विंग के दो वर्षीय पाठ्यक्रम की अंतिम परीक्षा।
- राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित सीनियर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा, न्यूनतम पांच विषयों के साथ।
- भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU) से 10+2 प्रणाली के समकक्ष मान्यता प्राप्त किसी पब्लिक स्कूल, बोर्ड या विश्वविद्यालय के द्वारा भारत अथवा विदेश में आयोजित परीक्षा।
- एच.एस.सी. व्यावसायिक परीक्षा।
- अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) अथवा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त कम से कम 3 वर्षीय डिप्लोमा।
- एडवांस्ड (ए) स्तरीय सामान्य प्रमाणपत्र शिक्षा (GCE) परीक्षा (लंदन, कैंब्रिज या श्रीलंका)।
- कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी की हाई स्कूल प्रमाणपत्र परीक्षा या अंतर्राष्ट्रीय उपाधि कार्यालय, जिनेवा का अंतर्राष्ट्रीय उपाधि डिप्लोमा।
- अभ्यर्थी जिन्होंने कक्षा XII (या समकक्ष) परीक्षा भारत के बाहर से अथवा किसी ऐसे बोर्ड से उत्तीर्ण की है जो ऊपर निर्दिष्ट नहीं है, उन्हें भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU) द्वारा जारी एक प्रमाणपत्र देना होगा जो इस आशय की पुष्टि कर सकें कि उनके द्वारा उत्तीर्ण परीक्षा कक्षा XII के समकक्ष हैं।
- यदि कक्षा XII की परीक्षा सार्वजनिक (पब्लिक) परीक्षा नहीं हैं तो अभ्यर्थी को पूर्व में कम से कम एक सार्वजनिक बोर्ड या पूर्व -विश्वविद्यालय की परीक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

## 26 आई.आई.टी. में प्रवेश के लिए बारहवीं कक्षा (या समकक्ष) बोर्ड परीक्षा में प्रदर्शन

- अभ्यर्थियों को बारहवीं कक्षा (या समकक्ष परीक्षा) में पहली उपस्थिति के वर्ष में अनिवार्य विषयों के रूप में भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित के साथ निम्नलिखित दो मानदंडों में से कम से कम एक को पूरा करना होगा:
  1. बारहवीं कक्षा (या समकक्ष) की बोर्ड परीक्षा में कम से कम 75% कुल अंक प्राप्त किए हों। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पी.डब्ल्यू.डी अभ्यर्थियों के लिए कुल अंक कम से कम 65% होना चाहिए।

2. अपनी संबंधित कक्षा XII (अथवा समकक्ष) बोर्ड परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के श्रेणी-वार शीर्ष 20 प्रतिशतक के भीतर होना चाहिए।

प्रतिशतक की गणना सभी आवश्यक विषयों के लिए केवल एक शैक्षणिक वर्ष में की जाएगी। इसलिए, बोर्ड परीक्षाओं में सुधार के लिए उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी या तो एक या अधिक विषयों में उपस्थित हो सकते हैं और सुधार के बाद 75% कुल अंक (एस.सी., एस.टी. और पी.डब्ल्यू.डी के लिए 65%) सुरक्षित कर सकते हैं, या शीर्ष 20 प्रतिशतक में सभी विषयों में सुधार के लिए उपस्थित हो सकते हैं। (संबंधित शैक्षणिक वर्ष के "शीर्ष 20 प्रतिशतक के लिए कट-ऑफ अंक के संबंध में" शीर्षक वाला अनुभाग देखें)।

- शीर्ष 20 प्रतिशतक मानदंड को पूरा करने के लिए कुल अंकों और कट-ऑफ अंकों की गणना के लिए निम्नलिखित पांच विषयों में प्राप्त अंकों पर विचार किया जाएगा।

    i. भौतिक विज्ञान

    ii. रसायन विज्ञान

    iii. गणित

    iv. एक भाषा (यदि अभ्यर्थी ने एक से अधिक भाषाएँ ली हैं, तो अधिक अंकों वाली भाषा पर विचार किया जाएगा)

    v. उपरोक्त चार के अलावा कोई भी विषय (उच्चतम अंक वाले विषय पर विचार किया जाएगा)।

- पांच विषयों के लिए कुल अंकों की गणना के लिए, यदि किसी विषय में दिए गए अंक 100 में से नहीं हैं, तो अंकों को 100 तक (ऊपर या नीचे) बढ़ाया जाएगा ताकि कुल अंकों का योग 500 में से हो।

- यदि कोई बोर्ड ग्रेड शीट पर समान प्रतिशत अंक प्रदान किए बिना केवल अक्षर ग्रेड प्रदान करता है, तो अभ्यर्थी को बोर्ड से समकक्ष अंक निर्दिष्ट करते हुए एक प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा और इसे आवंटित सीट की स्वीकृति के समय जमा करना होगा। यदि ऐसा प्रमाण-पत्र प्रदान नहीं किया जाता है, तो जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 की संयुक्त कार्यान्वयन समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।

- उन अभ्यर्थियों के लिए जो 2022 में पहली बार कक्षा 12वीं (या समकक्ष) बोर्ड परीक्षा में उपस्थित हुए थे और 2023 में सभी विषयों (किसी भी कारण से) में फिर से उपस्थित हुए, दोनों में से सर्वश्रेष्ठ परीक्षा प्रदर्शन पर विचार किया जाएगा।

- यदि कोई बोर्ड कक्षा XI और कक्षा XII दोनों परीक्षाओं (10+2 प्रणाली में) पर विचार करते हुए कुल अंक देता है, तो केवल बारहवीं कक्षा के अंकों पर विचार किया जाएगा। यदि कोई बोर्ड 3 वर्षीय डिप्लोमा या समकक्ष अवधि के पाठ्यक्रमों के सभी तीन वर्षों के परिणामों पर विचार करते हुए कुल अंक देता है, तो केवल अंतिम वर्ष में प्राप्त अंकों पर विचार किया जाएगा। इसी तरह, ऐसे बोर्ड जो सेमेस्टर प्रणाली का पालन करते हैं, अंतिम दो सेमेस्टर में प्राप्त अंकों पर विचार किया जाएगा।

- यदि किसी भी विषय, भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और भाषा का अंतिम वर्ष में मूल्यांकन नहीं किया जाता है (उदाहरण के लिए, 3-वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में), तो उसी विषय के लिए कुल अंकों के प्रतिशत की गणना के लिए पिछले वर्ष के अंकों का उपयोग किया जाएगा।
- यदि कोई बोर्ड अलग-अलग विषयों में अंक नहीं देता है बल्कि केवल कुल अंक देता है, तो बोर्ड द्वारा दिए गए कुल अंकों पर विचार किया जाएगा।
- उपरोक्त उन अभ्यर्थियों पर भी समान रूप से लागू होगा जो पहली बार 2021 में अपनी बारहवीं कक्षा की परीक्षा में शामिल हुए थे, परंतु बारहवीं कक्षा (या समकक्ष) के परीक्षा बोर्ड ने 25 अक्टूबर, 2021 को या उसके उपरांत शैक्षणिक वर्ष 2020-21 के परिणाम घोषित किए।

**विदेशी और OCI/PIO कार्ड धारक अभ्यर्थी पात्रता मानदंड के लिए निम्नलिखित लिंक देखें:**
https://jeeadv.ac.in/foreign.html

## 26.1 शीर्ष 20 प्रतिशतक के लिए कट-ऑफ अंक के संबंध में

- शीर्ष 20 प्रतिशतक के लिए श्रेणी-वार कट-ऑफ अंकों की गणना सफल अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर की जाती है, जो किसी विशेष वर्ष में सभी आवश्यक विषयों के लिए अपने संबंधित बोर्ड में उपस्थित हुए थे।
- पी.डब्ल्यू.डी अभ्यर्थियों के लिए कट-ऑफ अंक - सामान्य, ओ.बी.सी-एन.सी.एल., एस.सी. और एस.टी. श्रेणियों के लिए न्यूनतम कट-ऑफ अंक के समान होंगे।
- यह स्पष्ट किया जाता है कि शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए टॉप 20 परसेंटाइल कटऑफ, ऐसे छात्रों के लिए विचारणीय होगी जो वर्ष 2023 में कक्षा 12 ( या समकक्ष ) की परीक्षा में उपस्थित एवं उत्तीर्ण हुए है।
- इसी प्रकार, शैक्षणिक वर्ष 2021-22 के लिए टॉप 20 परसेंटाइल कटऑफ, ऐसे छात्रों के लिए विचारणीय होगी जो वर्ष 2022 में कक्षा 12 ( या समकक्ष ) की परीक्षा में उपस्थित एवं उत्तीर्ण हुए है।
- जो अभ्यर्थी 2022 में पहली बार कक्षा 12वीं (या समकक्ष) की परीक्षा में शामिल हुए थे और 2023 में शीर्ष 20 प्रतिशतक कट-ऑफ मानदंडों के माध्यम से अर्हता प्राप्त करने के उद्देश्य से (या उन्हें) दोबारा परीक्षा देना चाहते हैं, उन्हें सभी विषयों में फिर से परीक्षा देनी होगी। ऐसे अभ्यर्थियों के लिए 2023 के लिए शीर्ष 20 प्रतिशत कट-ऑफ पर विचार किया जाएगा।
- यदि कोई बोर्ड शीर्ष 20 प्रतिशतक के लिए कट-ऑफ के बारे में जानकारी प्रदान नहीं करता है, तो अभ्यर्थी को संबंधित बोर्ड से एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह सफल अभ्यर्थियों के शीर्ष 20 प्रतिशतक में आता है। यदि अभ्यर्थी ऐसा करने में विफल रहता है, तो केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के लिए संबंधित श्रेणियों में कट-ऑफ अंक का उपयोग किया जाएगा।

- उपरोक्त उन अभ्यर्थियों पर भी समान रूप से लागू होंगे जो पहली बार 2021 में अपनी बारहवीं कक्षा की परीक्षा में शामिल हुए थे, लेकिन बारहवीं कक्षा (या समकक्ष) के परीक्षा बोर्ड ने 25 अक्टूबर 2021 को या उसके बाद शैक्षणिक वर्ष 2020-21 के लिए परिणाम घोषित किए।

### 26.2 75% पूर्ण अंकों के संबंध में (अथवा एस.सी., एस.टी. तथा पी.डब्ल्यू.डी के लिए 65%)

- कक्षा XII (या समकक्ष) बोर्ड परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त किए गए कुल अंकों को उन अभ्यर्थियों के लिए माना जाएगा जो 2023 में कक्षा XII की परीक्षा में शामिल होंगे।
- 2022 में कक्षा XII (या समकक्ष) बोर्ड परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त किए गए कुल अंकों पर विचार किया जाएगा, बशर्ते अभ्यर्थी 2023 में किसी भी विषय में कक्षा XII (या समकक्ष) परीक्षा में दोबारा न बैठे।
- यदि कोई अभ्यर्थी 2022 में अपनी बारहवीं कक्षा (या समकक्ष) में उपस्थित हुए थे और "75% (या अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पी.डब्ल्यू.डी के लिए 65%) मानदंड" के कुल अंकों को पूरा करने के लिए अपने कुल अंकों में सुधार करना चाहते हैं, वह सुधार के लिए जितने भी विषयों की इच्छा रखते हैं, उसके लिए पुनः परीक्षा दे सकते/सकती हैं। इस स्थिति में प्रतिशत अंकों की गणना 2022 या 2023 में प्राप्त अंक, (संबन्धित विषयों में) जो भी अधिक हो, 2022 और 2023 में उनके दो प्रयासों में प्राप्त अंकों पर विचार करके की जाएगी।
- उपरोक्त उन अभ्यर्थियों के लिए भी समान रूप से लागू होगा जो पहली बार 2021 में अपनी बारहवीं कक्षा की परीक्षा में शामिल हुए थे, लेकिन बारहवीं कक्षा (या समकक्ष) के परीक्षा बोर्ड ने 25 अक्टूबर, 2021 को या उसके बाद शैक्षणिक वर्ष 2020 - 21 के लिए परिणाम घोषित किए।

## 27 संयुक्त सीट आवंटन

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (IITs), राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (NITs), भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थानों (IIITs) तथा भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित अन्य तकनीकी संस्थानों (GFTIs) की सभी सीटों को चालू वर्ष हेतु ऑनलाइन माध्यम में गठित संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण (JoSAA) द्वारा प्रदान एवं आवंटित किया जाएगा।
- जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 में रैंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी एक आई.आई.टी. में एक सीट के लिए संयुक्त सीट आवंटन प्रकिया में सहभागिता के लिए पात्र हैं।
- सभी अभ्यर्थी जो प्रवेश के पात्र हैं, उन्हें अपने पाठ्यक्रमों के विकल्प को भरकर संयुक्त सीट आवंटन प्रक्रिया में सहभागी होना होगा।
- विकल्पों तथा सीट आवंटन प्रक्रियाविधि को भरने के लिए विस्तृत सूचनाएं सीट आवंटन पुस्तिका के माध्यम से JoSAA द्वारा उपलब्ध कराई जाएँगी।

- संयुक्त सीट आवंटन की अनुसूची JoSAA 2023 द्वारा अलग से घोषित की जाएगी।
- शैक्षिक वर्ष 2023-24 हेतु प्रवेश के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों द्वारा प्रदान किए जानेवाले पाठ्यक्रमों की सूची को ऑनलाइन विकल्प भरते समय उपलब्ध कराया जाएगा।

## 28 प्राक् -प्रवेश (Preparatory) पाठ्यक्रम

- अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति और विकलांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित पूरी सीटें नहीं भरती हैं तो कुछ सीमित संख्या में अभ्यर्थियों को, प्रवेश मानदंड में कुछ और छूट के आधार पर, 1 वर्ष की अवधि के प्राक् -प्रवेश (Preparatory) पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा। (देखें खंड 22 - रैंक सूची)
- प्राक् -प्रवेश पाठ्यक्रम में अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा, बशर्ते (i) संबंधित श्रेणी की आरक्षित सीट रिक्त हों, (ii) अभ्यर्थी न्यूनतम प्रतिमानों (norms) को पूरा करें, और (iii) अभ्यर्थी ने पहले कभी प्राक् -प्रवेश पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं लिया हो।
- सभी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में एक वर्ष की अवधि का प्राक् -प्रवेश पाठ्यक्रम चलाया जाता है जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति और पी.डब्ल्यू.डी को उन्हें (सत्र 2024-25 के लिए) आवंटित पाठ्यक्रम के अनुसरण की तैयारी करने के उद्देश्य से होता है। इस पाठ्यक्रम के अंत में, अभ्यर्थी 'सफल' या 'असफल' घोषित किया जाता है। जिस संस्थान में अभ्यर्थी के लिए एक वर्षीय प्राक् -प्रवेश (preparatory) कार्यक्रम चलाया जाता है, वह अभ्यर्थी को शैक्षिक कार्यक्रम के लिए आबंटित संस्थान से भिन्न हो सकता है।
- सफलतापूर्वक पाठ्यक्रम को पूरा करने पर अभ्यर्थी को पहले से आवंटित पूर्वस्नातक पाठ्यक्रम में जुलाई 2024 (शैक्षिक वर्ष 2024-25) में सीधे प्रवेश का प्रस्ताव दिया जाएगा।
- अभ्यर्थी जिन्होंने 2023 प्राथमिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है, यदि दूसरे सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं तो जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2024 में भी शामिल हो सकते हैं [देखें खंड 11 - जे.ई.ई. (एडवांस्ड) 2023 के लिए उपस्थित होने के लिए भारतीय नागरिक के लिए पात्रता मानदंड]।
- प्राक् -प्रवेश पाठ्यक्रम के लिए विकल्प JoSAA ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही भरना है।

## 29 निश्चित पाठ्यक्रमों हेतु अतिरिक्त आवश्यकताएं

- वे अभ्यर्थी जिन्होंने खनन अभियांत्रिकी / खनन मशीनरी अभियांत्रिकी अथवा खनन अभियांत्रिकी / खनन सुरक्षा अभियांत्रिकी में बी.टेक. / एम. टेक. दोहरी उपाधि अथवा अनुप्रयुक्त भूविज्ञान / अनुप्रयुक्त भूभौतिकी में समेकित एम.टेक. अथवा अनुप्रयुक्त भूविज्ञान / अन्वेषण भू भौतिकी में समेकित एम.एस्सी. कार्यक्रम का चयन किया है उनमें किसी भी प्रकार की वर्णान्धता (colour blindness) नहीं होनी चाहिए। इस संबंध में सरकारी पंजीकृत चिकित्सक प्रैक्टिशनर का प्रमाणपत्र सीट स्वीकार करने के लिए

ऑनलाइन रिपोर्ट  के समय प्रस्तुत करना आवश्यक है। भा.प्रौ.संस्थानों द्वारा अभ्यर्थियों की चिकित्सा स्थिति की वैधता को जाँचने के लिए चिकित्सा मंडल गठित किया जा सकता है। ऐसे चिकित्सा मंडल का विचार अंतिम होगा।

- दिव्यांग अभ्यर्थी खनन अभियांत्रिकी / खनन मशीनरी अभियांत्रिकी में बी.टेक. या खनन अभियांत्रिकी / खनन सुरक्षा अभियांत्रिकी में बी.टेक.-एम.टेक द्वि-उपाधि या अनुप्रयुक्त भूविज्ञान में एम.टेक.  का विकल्प नहीं चुन सकते हैं।
- लोकोमोटर विकलांगता वाले दिव्यांग अभ्यर्थी अनुप्रयुक्त भूविज्ञान / अन्वेषण भूभौतिकी में समेकित एम.एस्सी. का विकल्प नहीं चुन सकते हैं।
- खनन अभियांत्रिकी में प्रवेश पाने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए चश् मे के साथ अथवा बिना चश् मे के दृश्य तीक्ष्णता मानकों के अनुसार 1972 का डीजीएमएस परिपत्र 14 का सख्ती से पालन किया जाएगा। एक आँख मात्र से देख पाने की क्षमता वाले व्यक्ति को जमीन के अन्दर कार्य  करने की अनुमति नहीं है। इस सीमा के भीतर आने वाले अभ्यर्थी खनन अभियांत्रिकी या खनन मशीनरी अभियांत्रिकी में प्रवेश के पात्र नहीं होंगे।

## 30 खनन अभियांत्रिकी व्यवसाय पाठ्यक्रमों के लिए महिला अभ्यर्थी प्रतिबंध

- खान अधिनियम 1952 के अनुच्छेद 46 (1) के अनुसार –

  *"कोई भी महिला, यद्यपि किसी भी अन्य कानून में कुछ भी निहित होते हुए भी, नियुक्त नहीं की जाएँगी*

  *a) खदान के किसी भी भाग में जो जमीन के नीचे है,*

  *b) जमीन के ऊपर किसी भी खदान में 6:00 से 19:00 के बीच के समय के अतिरिक्त।"*

  यद्यपि महिला अभ्यर्थियों को भा.प्रौ.सं. (ISM), धनबाद, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बी.एच.यू.) में खनन अभियांत्रिकी अथवा खनन मशीनरी अभियांत्रिकी से संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा।

## 31 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों द्वारा 2022-23 में चलाए गए पाठ्यक्रमों की सूची

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों द्वारा शैक्षिक वर्ष  2022-23 में प्रदान किए जाने वाले संबंधित पाठ्यक्रम संलग्रक-III में दिए गए हैं। कुछ पाठ्यक्रमों के लिए अतिरिक्त आवश्यकताएं 'AR' के रुप में चिन्हित की गई हैं। विभिन्न संस्थानों द्वारा वर्ष  2023-24 में प्रदान किए जाने वाले पाठ्यक्रम विभिन्न हो सकते हैं। वर्ष  2022 में प्रदान किए गए कुछ पाठ्यक्रमों का किसी भी संस्थान में नहीं होने की सम्भावना है अथवा उनमें संशोधन (पाठ्यक्रम शीर्षक तथा / अथवा विषयवस्तु) हो सकता है। यह भी संभव है कि कुछ नए पाठ्यक्रम भी प्रस्तावित किए जाएँगे।

अतिरिक्त आवश्यकताओं में भी परिवर्तन किया जा सकता है। अंतिम सूची सीट आवंटन के लिए विकल्प भरते समय उपलब्ध करायी जाएगी।

## 32 महत्वपूर्ण तिथियाँ

